Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 104 | बुधवार , 16 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया

# '26/11 हमले के बाद बदल गया भारत-पाकिस्तान का रिश्ता'

नई दिल्ली।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा,₹भारत बदला है। काश मैं यह कह पाता कि पाकिस्तान बदला है। दुर्भाग्य से वे कई तरह से अपनी बुरी आदतें अपनाए हुए हैं। मैं कहूंगा कि 26/11 मुंबई हमला एक निर्णायक मोड़ था। मुझे लगता है कि तब सभी राजनीतिक दलों समेत भारतीय जनता ने भी कहा- बस, बहुत हो गया।

उन्होंने आगे कहा कि 2014 के बाद जब सरकार बदली पाकिस्तान को एक सख्त संदेश दिया गया कि अगर आतंकी गतिविधियां कीं, तो उसका बुरा नतीजा होगा। इस दौरान हम आर्थिक और राजनीतिक रूप से विकसित हुए और दुनिया में हमारी स्थिति बेहतर हुई। वहीं, 2020 में



गलवान घाटी में भारत-चीन संघर्ष को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने भारत की प्रतिक्रिया को लेकर कहा,₹प्रधानमंत्री बिल्कुल स्पष्ट थे और उनके दिमाग में कोई दूसरा विचार नहीं था। सबसे पहली बैठक में यह घोषणा की गई कि हम जवाब देंगे। इसलिए फैसला लिया गया क्योंकि इसमें काफी भरोसा था। और सिस्टम भी समझ गया कि अब फैसला ले लिया गया है, इसलिए रास्ता तलाशो। और सिस्टम ने रास्ता खोजा।

### भारत सरकार पाकिस्तान के बारे में चर्चा नहीं करती: एस जयशंकर

चरोतर यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित एक कार्यक्रम में जहां जयशंकर ने बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आए महत्वपूर्ण परिवर्तन को स्वीकार किया। वहीं, उन्होंने कहा कि इसके उलट पाकिस्तान नहीं बदला है। भारत सरकार पाकिस्तान के बारे में अब ना के बराबर ही चर्चा करती है। विदेश मंत्री ने कहा कि अपने मूल्यवान समय को उनके लिए बेकार करने की जरूरत नहीं है।

# तमिलनाडु के एक गांव को घोषित किया गया वक्फ की संपत्ति

वेल्लोर।

वक्फ संशोधन बिल लागू होने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। वेल्लोर जिले के एक गांव में वक्फ बोर्ड के दावे ने लोगों को सदमे में डाल दिया है। वेल्लोर के अनैकट्ट तालुका स्थित कटुकोल्लई गांव की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताते हुए ग्रामीणों को नोटिस भेजा गया है। गांव के निवासियों ने दावा किया कि उन्हें स्थानीय मस्जिद-दरगाह के प्रशासन से नोटिस मिला है, जिसमें उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटिस में उन्हें किराया, शुल्क देने या खाली करने के लिए कहा गया है।

ग्रामीणों ने मामले की जांच करने और न्याय दिलाने के लिए वेल्लोर जिला कलेक्टर वीआर सुब्बुलक्ष्मी को याचिका दी है। ग्रामीणों ने कहा कि वे लगभग तीन-चार पीढ़ियों से गांव में रह रहे हैं और अब अचानक उन्हें नोटिस मिला है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। गांव में




लगभग 150 परिवार रहते हैं और तथाकथित नोटिस प्राप्त करने वाले निवासियों की सही संख्या की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकी है। अधिकारियों ने टिप्पणी के लिए फोन कॉल का जवाब नहीं दिया और नोटिस की सामग्री की तुरंत जांच नहीं की जा सकी।

### रेवंत रेड्डी का आरोप, कांग्रेस सरकार के खिलाफ जहरीला अभियान चला रही भाजपा और बीआरएस



नई दिल्ली। सीएलपी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष एचसीयू की जमीनों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर झूठा अभियान चला रहा है। यहां तक ??कि प्रधानमंत्री मोदी भी इस अभियान पर यकीन करते हैं और कहते हैं कि बुलडोजर भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को भाजपा और बीआरएस पर आरोप लगाया कि वे मिलकर एचसीयू भूमि मुद्दे को लेकर तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जहरीला अभियान चला रहे हैं। सीएलपी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष एचसीयू की जमीनों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर झूठा अभियान चला रहा है। यहां तक ??कि प्रधानमंत्री मोदी भी इस अभियान पर यकीन करते हैं और कहते हैं कि बुलडोजर भेजे जा रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि विपक्ष ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके एचसीयू की जमीन पर झूठा प्रचार किया। विपक्ष के अभियान को सच मानते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भी बुलडोजर चला दिया।

# जापान में बढ़ रहा आबादी संकट, जनसंख्या में लगातार14वें वर्ष गिरावट

टोक्यो।

जापान की जनसंख्या में लगातार 14वें वर्ष गिरावट आई है। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार सरकार के अनुमान में बताया गया है कि जन्म दर में गिरावट के बीच अक्टूबर 2024 तक जापान की आबादी 12 करोड़ तीन लाख रही।

यह एक साल पहले की तुलना में रिकॉर्ड आठ लाख 98 हजार कम है। विदेशियों सहित कुल आबादी 12 करोड़ 38 लाख रही। इसमें भी साढ़े पांच लाख की कमी आई है। 14 वर्ष या इससे कम आयु के लोगों की संख्या एक करोड़ 38 लाख रही, जो कुल जनसंख्या का 11.2 प्रतिशत है। कामकाजी आयु



वर्ग की आबादी (15-64 वर्ष) घटकर कुल जनसंख्या का 59.6 प्रतिशत रह गई है। 65 वर्ष या इससे अधिक आयु के लोगों का अनुपात कुल जनसंख्या का 29.3 प्रतिशत है। 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का लगभग 17 प्रतिशत हो गई है।

### हज यात्रा से पहले आई अच्छी खबर, सऊदी अरब ने बढ़ाया भारत का कोटा

नई दिल्ली।

सऊदी अरब ने भारत का हज कोटा बढ़ा दिया है। भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद सऊदी हज मंत्रालय ने प्राइवेट हज ऑपरेटरों को भी राहत दी है। 10 हजार हजयात्रियों को भेजने का प्राइवेट हज ऑपरेटरों का कोटा दस्तावेज में देरी के कारण रद हो गया था। इसे भारत सरकार के प्रयास के बाद बहाल कर दिया गया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हज कोटे में वृद्धि हुई है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था उस समय भारत का हज कोटा 1,36,020 था। सरकार के प्रयासों से भारत का कोटा



धीरे-धीरे बढ़कर 2025 में 1,75,025 हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि हज यात्रा की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष हज यात्रा चार जून से नौ जून, 2025 के बीच होने की उम्मीद है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक्स पोस्ट किया कि भारत सरकार भारतीय मुसलमानों के लिए हज यात्रा को सुविधाजनक बनाने को उच्च प्राथमिकता देती है।

# 'अमित शाह की लीडरशिप में मजबूत हो रहा देश में फोरेंसिक विज्ञान'




नई दिल्ली।

देश की राजधानी में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह के गृह राज्य मंत्री, बंदी संजय कुमार मुख्य अतिथि थे। एआईएफएसएस के दौरान कुल 7 संगठनों ने एनएफएसयू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आंद्रे, स्थायी सचिव गृह, गुयाना; एर्किनोविच, अनुसंधान संस्थान, अपराध विज्ञान, उजबेकिस्तान गणराज्य; डॉ. हिजिर, अध्यक्ष, फोरेंसिक मेडिसिन परिषद; डॉ. जे.एम. व्यास, एनएफएसयू के कुलपति, सम्मेलन के समापन समारोह में उपस्थित थे।

# पंजाब किंग्स ने केकेआर को 16 रनों से किया पस्त



नई दिल्ली।

पंजाब किंग्स और केकेआर के बीच खेला गया। इस सांसे रोक देने वाले मुकाबले में पंजाब ने मुल्लांपुर के मैदान पर केकेआर के खिलाफ 16 रनों से बेहतरीन जीत हासिल की। इसके साथ ही पंजाब किंग्स ने 111 रन डिफेंड कर इतिहास भी रच डाला। पीबीकेएस आईपीएल में सबसे कम स्कोर का बचाव करने वाली टीम बन गई है।

आईपीएल 2025 का 31वां मुकाबला पंजाब किंग्स और केकेआर के बीच खेला गया। इस सांसे रोक देने वाले मुकाबले में पंजाब ने मुल्लांपुर के मैदान पर केकेआर के खिलाफ 16 रनों से बेहतरीन जीत हासिल की। इसके साथ ही पंजाब किंग्स ने 111 रन डिफेंड कर इतिहास भी रच डाला। पीबीकेएस आईपीएल में सबसे कम स्कोर का बचाव करने वाली टीम बन गई है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरूआत बेहतरीन रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 39 रन जोडे। चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर हर्षित राणा ने इस पार्टनरशिप को तोड़ने का काम किया। उन्होंने प्रियांश आर्य को रमनदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। इस दौरान प्रियांश आर्य ने 12 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 22 रन बनाए।

इसी ओवर में चौथी गेंद पर राणा ने कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजकर पंजाब को दूसरा झटका दिया। इस दौरान अय्यर अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद तो पंजाब का बुरा वक्त शुरू हो गया और एक के बाद एक करके विकेट गिरते चले गए। 5वें ओवर में जोश इंगलिश (2) को वरुण चक्रवर्ती ने एलबीडब्ल्यू किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में राणा ने प्रभसिमरन सिंह को अपने जाल में फंसा लिया। उन्होंने 15 गेंदों का सामना किया और 30 रन की पारी खेली। इसके बाद क्रीज पर आए नेहल वढेरा ने 10, ग्लेन मैक्सवेल ने 7, सूर्यांश शेडगे ने 4, मार्को यानसेन ने 1, शशांक सिंह ने 4 और जेवियर बार्टलेट ने 11 रन बनाए। अर्शदीप सिंह 1 रन बनाकर नाबाद रहे।

फरवरी 2025 में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.61 प्रतिशत और मार्च 2024 में 4.38 प्रतिशत थी।

# महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत, थोक के बाद खुदरा मुद्रास्फीति दर में भी नरमी

नई दिल्ली।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ₹मार्च, 2025 के महीने के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर मार्च, 2024 की तुलना में 3.34% (अनंतिम) है।

मंगलवार को जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2025 में गिरकर 3.34 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त 2019 के बाद सबसे कम है। मार्च 2025 की मुद्रास्फीति में गिरावट महीने के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति में तेज गिरावट के बीच आई है। फरवरी 2025 में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.61 प्रतिशत और मार्च 2024 में 4.38 प्रतिशत थी। मार्च 2025 में मुद्रास्फीति की दर अगस्त 2019 के बाद सबसे कम है, जब यह 3.28 प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ₹मार्च, 2025 के महीने के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर मार्च, 2024 की तुलना में 3.34% (अनंतिम) है। फरवरी, 2025 की तुलना में मार्च, 2025 की हेडलाइन मुद्रास्फीति में 27 आधार अंकों की गिरावट है। यह अगस्त 2019 के बाद सबसे कम साल-दर-साल मुद्रास्फीति है।₹ खाद्य मुद्रास्फीति तेजी से घटकर 2.69 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी 2025 में यह 3.75 प्रतिशत और मार्च 2024 में 8.52 प्रतिशत होगी।



## संपादक की कलम से

# पांगी अब पंगु नहीं



ललित शर्मा
संपादक

हिमाचल के नैन नक्श को संवारता त्योहार यानी हिमाचल दिवस पुनः उम्मीदों की खेती पर जनजातीय क्षेत्र की आर्थिक कोंपलें बटोरता है। किलाड़ पहले ऐसा नहीं था और न ही जश्न का यह माहौल, प्रदेश सरकार का शिविर बना। कल्पना का सागर पहाड़ पर नीतियों का प्रवाह और प्रसार देखता हुआ पांगी क्षेत्र से विकास के साथ नए अनुबंध कर रहा है, तो हिमाचल दिवस के संबोधन स्पष्ट हो रहे हैं। कम से कम सुक्खू सरकार ने पर्वतीय या ट्राइबल दुरुहता के बीच हिमाचल के इतिहास को लांघने की कोशिश तो की है। केलांग, स्पीति और अब पांगी के परिवेश में एक राज्य का विकासात्मक संगीत नए वादे कर रहा है। जाहिर है कुछ नई रिवायतों की गारंटी पुनः पांगी के प्रांगण में उतर कर महिला संस्कार, महिला सरोकार को पंद्रह सौ रुपए के उपहार से स्तरोन्नत कर रही है, तो किसान के खेत से निकले पहाड़ी जौ को साठ रुपए प्रति किलो समर्थन मूल्य दे रही है। मुख्यमंत्री ने भौगोलिक दृष्टि से पांगी के समर्थन में हिमाचल के नए पन्ने सौंपे हैं, जहां पूरा उपमंडल प्राकृतिक खेती के नए अवतार में पुष्पित एवं पल्लवित होगा। ट्राइबल बजट पहले भी तरह-तरह से श्रृंगार करता रहा है, लेकिन जनजातीय क्षेत्र की योजना में बढ़ती लागत से उपचार नहीं हुआ। खास तौर पर जल सिंचाई की योजनाओं को बर्फ की भ्रष्टाचारी कालिख खाती रही। ट्राइबल एरिया हर बजट की हकदारी में अपने विकास की गणना तो करता रहा, लेकिन ढांचागत उपलब्धियों को चिन्हित करने की तफतीश नहीं हुई। विकास के पापड़ बेले जरूर गए, लेकिन सामाजिक उत्थान के संसाधन फिजूलखर्ची में उड़ा दिए गए। अब हिमाचल दिवस सीधे ट्राइबल परिवेश से मुखातिब होने लगा है और एक परंपरा के तहत टापू बने बर्फीले क्षेत्रों को लांघ कर वर्तमान सरकार भविष्य का आश्वासन दे रही है। प्राकृतिक खेती की विशिष्टता में अगर कल पांगी के कृषि उत्पाद बाजार की क्षमता में सफल होते हैं, तो यह एक ब्रांड की तरह आर्थिकी को उपजाऊ बना पाएंगे। मुख्यमंत्री ने सरकार का एक महिला सदन पांगी को न केवल पंद्रह सौ रुपए के भुगतान के जरिए साबित नहीं किया, बल्कि महिला मंडलों को आश्रय देते हुए, सशक्तिकरण का पौधारोपण भी किया है। सरकार परिवहन और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पांगी को चंबा के नजदीक लाने के लिए भले ही आंखों में सपने ले रही है, लेकिन हिमाचल के मानचित्र पर यह क्षेत्र लाहुल-स्पीति और कुल्लू के दरियाओं का पानी पी रहा है। असली पांगी का जिला चंबा से रिश्ता आज भी साच दर्रे के नीचे बर्फ में दबा है। जिस दिन यहां से सुरंग सूरज की खोज में पांगी पहुंचेगी, उस दिन वास्तव में सूर्योदय होगा। यह इसलिए भी कि राजनीतिक तौर पर पांगी को भरमौर की सियासत का पंगु होना पड़ता है। मुद्दे दो पहाड़ों के बीच दीवार की तरह एकसमान दीदार को तरसते हैं, तो आर्थिक विस्थापन ने पांगी की क्षमता का रुख कुल्लू की तरफ मोड़ दिया। चंबा की एक भुजा अगर भरमौर है, तो दूसरी पांगी को जिला मुख्यालय से जोड ? के लिए सुरंग के जरिए वर्ष भर की कनेक्टिविटी चाहिए। बहरहाल सरकार स्वावलंबन के पहियों पर युवाओं को सवार करना चाहती है। इस दृष्टि से बीस बस परमिट युवाओं को जारी होंगे और बस खरीद पर चालीस फीसदी सबसिडी और चार महीने रोड टैक्स से छूट भी मिलेगी। पांगी को सरकार का प्रश्रय यूं तो एक क्षेत्र के रूप में सदा मिलता रहा है, लेकिन इस बार सुक्खू सरकार ने अपने पालने में आर्थिक रूप से जनजातीय समाज की परवरिश शुरू की है।

## उदय किशोर साह



### मेरी क्या है खता

कविता

कैसे भूल जाऊँ मैं तेरी वो बेवफाई
तुँने कर दी है मेरी जग में जो रूसवाई
मैंने तुमसे किया था दिल से सच्चा प्यार
क्या हुआ तेरी वादे क्या हुआ तेरा इकरार

गवाह थे वो गाँव के अमुवा के बाग बगीचे
प्रेम की बातें की थी जहाँ पेड़ के हम नीचे
वो कसमें जो ली थी प्यार में अंगड़ाई
फिर क्यूं हमसे मुँह फेर लिया बोलो हरजाई

प्यार की प्रथम इल्तजा तुँने ही तो किया था
सर तेरे गोद में रख मैंने तो सिर्फ हाँ किया था
फिर कौन सी मजबुरी तुम्हें हमसे दूर भगाई
तोड़ दी तुँने सब कसमें तोड़ दिया मेरी सगाई

तन्हाई अब बन गई मेरी जीवन की सहेली
रातें कटती है अकेले में ये है जीवन की पहेली
चाँदनी रात भी अब डायन सा लगता है
अब तो गहराई से सोंच मेरी क्यां खता है

प्यार मोहब्बत इस जग में क्यूँ हो रही बदनाम
लैला मजनूँ की मोहब्बत हो गई गुमनाम
अब ना लो मेरे सामने कोई प्रेम का नाम
बेवफाई ही मिलेगी फिर प्यार का क्या है काम

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बढ़ती उम्र के साथ सतर्कता का ध्यान रखना जरूरी
# बुढ़ापा जवानी नहीं लाता, जवानी बचपन नहीं लाती



गोंदिया



*126 साल के बुजुर्ग की फुर्ती देखकर मेरी तरह हर कोई हैरान हो गया होगा और मैंने देखा, पलक झपकते ही, वो नंदी मुद्रा में प्रणाम करने लगे। मैंने भी बाबा शिवानंद जी को झुककर बार-बार प्रणाम किया। 126 वर्ष की आयु और बाबा शिवानंद की फिटनेस, दोनों, आज देश में चर्चा का विषय है। मैंने सोशल मीडिया पर कई लोगों का कॉमेंट देखा, कि बाबा शिवानंद, अपनी उम्र से चार गुना कम आयु से भी ज्यादा फिट हैं। वाकई, बाबा शिवानंद का जीवन हम सभी को प्रेरित करने वाला है। मैं उनकी दीर्घ आयु की कामना करता हूँ। उनमें योग के प्रति एक पैशन है और वे बहुत हैल्थी लाइफस्टाइल जीते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बढ़ती उम्र का तकाजा है, बढ़ती उम्र के साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। बुढ़ापा जवानी नहीं लाता, जवानी बचपन नहीं लाती,उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आता है। सेहत का ध्यान रखने, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना जरूरी है।*

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी,घर परिवार सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेक क्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर,बढ़ती उम्र का तकाजा ही नहीं रहा !हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती !इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं !साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके। (2) अत्यधि ?क गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधि ?क उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उजार्वान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटी ऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है। इसलिए हरी सब्जि?यां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपे ?शि ?यों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान-पान को बैलेंस रखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी- छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामि ?ल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है। साथियों बात अगर हम, बढ़ती उम्र के तकाजे से निपटने के लिए उपायों की करें तो, शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद, और स्वस्थ आहार अपनाना जरूरी है, साथ ही, संक्रमणों से बचने के लिए टीका लगवाना भीफायदेमंद होता है। एक स्वास्थ्य संस्थान के मुताबिक, शारीरिक गतिविधि से हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है और वजन नियंत्रित रहता है--(1) बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए, ये उपाय अपनाए जा सकते हैं: (2) रोजाना दल चलें, साइकल चलाएं, या तैरें (3) योग करे (4) पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं(5) 6 से 7 घंटे की नींद लें (6) हेल्दी चीजें खाएं (7) नियमित रूप से एक्सरसाइज करे (8) टीका लगवाएं !बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए, इन बातों का ध्यान रखना चाहिए:(1) शारीरिक गतिविधि से शरीर में ब्लड का सकुर्लेशन सही रहता है (2) पर्याप्त नींद लेने से त्वचा की डैमेज रिपेयर होती है (3) नियमित एक्सरसाइज से हार्ट डिजीज और कैंसर का खतरा कम होता है (4) शारीरिक गतिविधि से मूड अच्छा रहता है

(5) शारीरिक गतिविधि से हड्डियां मजबूत होती हैं (6) पर्याप्त नींद लेने से झुर्रियां पड़ने की प्रक्रिया धीमी होती।

साथियों उम्र का बढ़ना जन्म से ही निर्धारित और शुरू हो जाने वाली सामान्य प्रक्रिया है जिसे रोकना असंभव है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर अपना आकार यानी लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई, शारीरिक गठन, मानसिक स्वास्थ्य और काम करने की ऊर्जा प्राप्त करता जाता है। बचपन, यौवन और वृद्धावस्था अर्थात शरीर का भरपूर उपयोग करने के बाद सम्पूर्ण परिपक्वता की स्थिति आती है तो यह सोच बनने लगती है कि अब बहुत हुआ, बहुत जी लिए, जो करना था या जैसी नियति या भाग्य था, वह सब कर लिया, अब शांति या मुक्ति मिले और प्रभु के चरणों में स्थान प्राप्त हो। उम्र का बढ़ना जन्म से ही निर्धारित और शुरू हो जाने वाली सामान्य प्रक्रिया है जिसे रोकना असंभव है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर अपना आकार यानी लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई, शारीरिक गठन, मानसिक स्वास्थ्य और काम करने की ऊर्जा प्राप्त करता जाता है। बचपन, यौवन और वृद्धावस्था अर्थात शरीर का भरपूर उपयोग करने के बाद सम्पूर्ण परिपक्वता की स्थिति आती है तो यह सोच बनने लगती है कि अब बहुत हुआ, बहुत जी लिए, जो करना था या जैसी नियति या भाग्य था, वह सब कर लिया, अब शांति या मुक्ति मिले और प्रभु के चरणों में स्थान प्राप्त हो !जीवन और मरण अपने हाथ में नहीं होने से उम्र के उस पड़ाव पर पहुंचने के बाद जिसमें करने के लिए न तो कुछ हो और न ही कुछ करने की इच्छा हो लेकिन उम्र का खाता बंद न हो रहा हो और अपने को असहाय, बेचारा समझने और दूसरों पर निर्भर रहने की स्थिति हो जाए तो मन उदास रहने लगता है, शरीर तथा मस्तिष्क दोनों ही ढीले पडे लगते हैं। तो क्या जीवन अगर बाकी है तो उसे आनंद लेते हुए और मनोरंजन के साथ नहीं जीना चाहिए, यह प्रश्न उन लोगों को अपने आप से करना जरूरी हो जाता है जो पहले की तरह स्वतंत्र, मुक्त और बेफिक्र होकर जिंदगी व्यतीत करना चाहते रहे हैं ? सन-1950 में जहां एक भारतीय की औसत आयु 35 वर्ष थी वहां अब यह दोगुनी होकर 70 तक पहुंच गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि इसके बाद भी 80 से 100 वर्ष तक जीने की कल्पना की जा सकती है। इसी तरह दुनिया में ऐसे बहुत से देश हैं जिनमें औसत आयु 80-85 वर्ष है अर्थात वहां रहने वाले सौ साल से अधिक जीने के बारे में सोच सकते हैं। बढ़ती उम्र में यदि इसी सोच के साथ जीने की कोशिश की जाए कि हमारी सोच अभी भी वैसी है जैसी कि तब थी जब हम अब से आधी उम्र के थे तो वृद्धावस्था का डर नहीं रहेगा और व्यक्ति आनंदपूर्वक जी सकेगा। अपने शौक हों या कोई भूली बिसरी इच्छा हो अथवा घूमने-फिरने, नई जगहों पर जाने का मन हो, यहां तक कि अपने रिश्तों का दायरा बढ़ाने की इच्छा हो तो इस उम्र में पीछे मुड़कर न देखना और उम्र को मनोरंजन की एक शैली मानते हुए जीना ही सबसे बेहतर है।

और अब तो सरकार भी रिटायर्ड लोगों को नौकरी देने के बारे में सोच रही है क्योंकि उम्र कभी भी युवा होने की सोच पर हावी नहीं हो सकती। उम्र के असर से बचकर रहना है तो अपने खाने पीने, सोने जागने, सेहत का ध्यान रखते हुए अपने शरीर और मन की जांच पड़ताल कराते हुए ही जीना सर्वश्रेष्ठ है। साथियों बात अगर हम पचास प्लस उम्र की करें तो, पचास साल की उम्र के बाद कुछ कारक हो सकते हैं, जिनके कारण भोजन का सेवन कम हो सकता है।

# विनम्रता निर्बलता नहीं सफलता की प्रशस्ति का मार्ग



संजीव ठाकुर

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं !इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है !इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

# अंतरिक्ष में इंटरनेट की बाजीगरी



विजय गर्ग

आज दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश या समाज होगा, जो इंटरनेट के बिना जीने की कल्पना कर सके। सिर्फ शहरी नहीं, बल्कि निर्जन और दुर्गम इलाकों में तो इंटरनेट को और भी बड़ी जरूरत बताया जाता है और दावा किया जाता है कि इसके न होने के कारण वहां विकास ठप पड़ा है। जिस तरह डिजीटलीकरण पर जोर बढ़ रहा है और कहा जा रहा है कि अगले बीस वर्षों में जो लोग डिजिटल माध्यमों से नहीं जुड़े होंगे, उनकी पहचान ही धुंधली हो जाएगी। साथ ही, अब दुनिया 2जी, 3जी और 4जी से आगे निकल कर 5जी या कहें कि तेज गति वाले इंटरनेट के दौर में आ चुकी है, जहां कई काम पलक झपकते पूरे कर लिए जाते हैं। हालांकि इंटरनेट में तेजी लाने के इस किस्से में दिमाग को दिग्भ्रमित करने वाली समस्याओं का उल्लेख किया जाता है, जिसमें लोग इंटरनेट का सार्थक इस्तेमाल करने के बजाय अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा व्यर्थ की सामग्री (रील आदि) देखने-सुनने में बिता देते हैं, तो भी कई महत्त्वपूर्ण कार्यों में तेज इंटरनेट की जरूरत को अनिवार्य बताया जाता है। तेज गति वाले इंटरनेट की जरूरत का संदर्भ भारत की दो निजी दूरसंचार कंपनियों का अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक से हुए समझौते से जुड़ता है, जिसमें उपग्रहों से संचालित बेहद तेज गति वाले इंटरनेट को आम लोगों तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। हालांकि इस सुविधा से आम लोगों का जीवन स्तर बढ़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन देश में मौजूदा दरों और इंटरनेट तक गरीबों की पहुंच के तथ्यों की रोशनी में यह कवायद कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाली मुहिम ज्यादा लगती है। बहरहाल, जहां तक बात देश की दो दूरसंचार कंपनियों के एलन मस्क की कंपनी के साथ हुए समझौते की है, तो इस बारे में एक नजरिया यह है कि इससे देश के करोड़ों लोग तेज गति वाले इंटरनेट की सुविधा हासिल कर सकेंगे। इसका कारण यह है कि स्टारलिंक का अंतरिक्ष में तैनात हजारों उपग्रहों का संजाल शहरों-कस्बों से लेकर दूरदराज के ग्रामीण और बेहद दुर्गम इलाकों तक पहुंच सकेगा, जहां अभी इंटरनेट का कोई जरिया नहीं है। मौजूदा स्थिति यह है कि स्टारलिंक के सात हजार उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात हैं, तो पारंपरिक तरीके से उपलब्ध होने वाले इंटरनेट की तस्वीर को पलट कर रख देंगे। मस्क की स्टारलिंक के जाल की बात करें, तो इस समय यह दुनिया के देशों में उपभोक्ताओं तक पहुंच चुका है। इसके बरक्स भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या देखें, तो लगता है कि स्टारलिंक से भारतीय कंपनियों का समझौता उपभोक्ताओं के एक विशाल वर्ग की जरूरतों को साधने के मुकाबले कारोबारी ज्यादा है। इस पहलू को 'इंटरनेट इन इंडिया रपट 2024 के आंकड़ों से समझा जा सकता है। इस रपट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत में सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88.6 करोड़ थी। इसमें सालाना वृद्धि दर को जोड़ कर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल यानी 2025 के अंत तक देश में 90 करोड़ लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे होंगे। इन आंकड़ों से यह भी पता चला है कि शहरों के मुकाबले अब ग्रामीण अंचलों में इंटरनेट का तेज प्रसार हो रहा है। इसका परिणाम यह है कि फिलहाल ग्रामीण इलाकों में 48.8 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े हुए हैं, जो देश की कुल इंटरनेट आबादी का 55 फीसद है। फिर भी आकलन कहते हैं कि देश की 40 फीसद जनता के पास इंटरनेट तक पहुंच का कोई साधन नहीं है। इसके कई कारण हैं। जैसे खरीद क्षमता न होने के कारण स्मार्टफोन हासिल न होना और बिजली का कोई स्रोत उपलब्ध नहीं होना। एक और कारण यह है कि ऐसे लोग देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में रहते हैं, जहां पारंपरिक तरीकों से इंटरनेट पहुंचाना मुश्किल रहा है। इंटरनेट की पहुंच देने के पारंपरिक तरीकों में 'सेल्युलर टावर नेटवर्क' और 'फाइबर केबल नेटवर्क' दो ही उपाय हैं। मौजूदा वक्त में इन्हीं दोनों तरीकों से दूरसंचार कंपनियां अपने ग्राहकों तक इंटरनेट पहुंचाती हैं। इनमें इमारतों की छतों पर लगे टावरों से नजदीकी इलाकों में ब्राडबैंड सेवा दी जा सकती है। आमतौर इसकी गति धीमी होती है। इसके मुकाबले फाइबर केबल से अपेक्षाकृत तेज गति वाला इंटरनेट मिलता है।

# हिरण : की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :** कोतवाली जहांगीराबाद चौकी क्षेत्र कस्बा अमरगढ़ से दौलतपुर मार्ग पर हिरण की संदिग्ध परिस्थिति में मौत। दअरसल पूरा मामला इस प्रकार है। कि चौकी अमरगढ़ थाना नसेर्ना सीमा के बीच एक हिरण की मौत हो गई। रास्ते पर पड़ा तड़प रहे हिरण को देखकर आने जाने वाले राहगीर एकत्रित होने लगे। जिनके माध्यम से पुलिस व वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर वन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस पहुंच गई। वन विभाग ने हिरण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अब उसका पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं राहगीरों में अलग अलग तरह की चचाएं चल रहीं थीं। वन विभाग के दरोगा प्रमोद कुमार भारती ने बताया की हिरन सड़क पार्क करते वक्त किसी वहां से टकरा गया है जिस कारण मौत हुई है बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पायेगा।

# गेहूं की खड़ी फसल मे लगी आग, 15 बीघा गेहूं जलकर राख



वेलकम इंडिया

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम पंचायत धनौरा बुजुर्ग में अज्ञात कारणों से लगी आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है। वहीं ग्रामीणों ने पेड़ की टहनियों से आग बुझाने में सफलता पायीं। सोमवार की सुबह 10:30 बजे ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी बाजार से सटे धनौरा बुजुर्ग गांव के सिवान में गेहूं की फसल आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद खेत के बगल बाग से हरे पेड़ को टहनियों को तोड़कर आग को बुझाया। तब तक वहीदुल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह, हफीजुल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह, राम नक्षत्र, मधुरा पुत्र दुखरन, शिवकुमार हरिहर, कृष्ण कुमार पुत्र हरिहर, अवादुल्लाह पुत्र जैनुउल्लाह, जन्नतुनिशा सहित अन्य की गेंहू की फसल जल चुकी थी।

# कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ कर रहा बिजली-विभाग



वेलकम इंडिया

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** स्थानीय कस्बा में विद्युत विभाग के लोकल फाल्ट को ठीक करने के लिए इटवा के लाइनमैन सुरक्षा किट का प्रयोग नहीं करते हैं। जबकि अक्सर मानवीय भूल से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। मंगलवार को इटवा मुख्य चौराहे पर सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर लाइनमैन को लोकट फाल्ट ठीक करते देखा गया।जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग लोकल फाल्ट आदि को ठीक करने के लिए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का सहयोग लेता है।समय के अनुसार विभाग का कार्य करने का तरीका और संसाधन भी बदले हैं। विभाग ने कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर विभिन्न कार्यों को करने हेतु सुरक्षा किट भी निर्धारित किया है। परन्तु सुरक्षा किट को दरकिनार कर लोकल फाल्ट लाइनमैन द्वारा ठीक किया जाता है।जबकि थोडी सी मानवीय भूल होने पर लाइनमैन दुर्घटना का शिकार हो कर अपंग हो जाता है या मौत हो जाती होता है। मंगलवार को इटवा मुख्य चौराहे पर मंगरे नामक लाइनमैन द्वारा नगर पंचायत की गाडी से बिना सुरक्षा किट के लोकलफाल्ट को ठीक करते देखा गया। इस सम्बंध में लाइनमैन मंगरे का कहना है कि सुरक्षा किट आधा अधूरा मिलता है। लाने-लेजाने की आदि समस्या के कारण सुरक्षा किट का उपयोग नहीं किया जाता है।इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी इटवा प्रेम प्रकाश वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत वालों का कार्य चल रहा है।इसके लिए शटडाउन लिया गया था।

# मुम्बई व हैदराबाद वालों की बन रही थी हाजिरी, अब दर्ज होगा मुकदमा

वेलकम इंडिया



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत जमुनी में मुम्बई व हैदराबाद में काम करने वाले व्यक्तियों (श्रमिक) की भी हाजिरी बनायी जा रही थी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने इसकी जांच करायी तो मामला सत्य मिला। इस प्रकरण में अब मुकदमा दर्ज करने की तैयारी हो रही है। जिलाधिकारी ने इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी से मुकदमा दर्ज कराने के लिए फाइल मांगी है। जमुनी गांव के कुटहिया में मनरेगा से गड्?ढा तैयार कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि गांव के कई लोग मुम्बई व हैदराबाद गये हुए हैं। यहां उनकी आनलाइन हाजिरी भरी जा रही थी। जिला विकास अधिकारी ने 03 दिन पहले मामले की जांच की तो पता चला कि मौके पर 85 श्रमिकों के लिए 11 मस्टररोल निर्गत किया गया था। इसमें मौके पर सिर्फ 30 श्रमिक ही काम कर रहे थे। आनलाइन उपस्थिति में पाया गया कि 04 अप्रैल को 65, 05 अप्रैल को 59, 08 अप्रैल को 54 व 09 अप्रैल को 65 श्रमिकों की मौके पर उपस्थिति पायीं गयीं।

# नरसेना :गेहूं काट रही महिला पर जंगली जानवर ने किया हमला , तेंदुए का शोर

वेलकम इंडिया





**नरसेना :** क्षेत्र में खेत में महिला के साथ दर्दनाक घटना सामने आई है। महिला अपने खेत में गेहूं काट रही थी। गेहूं काटते समय तभी अचानक महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। मंगलवार को राजकुमारी नरसेना निवासी अपने खेत में गेहूं काट रही थी। अचानक उस महिला को कुछ आहट सुनाई दी। उसके बाद तेज गुरराहट की आवाज के साथ एक बड़े जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। जंगली जानवर के हमले से महिला बेहोश हो गई। खेतों में मौजूद स्थानीय किसानों ने तुरन्त महिला राजकुमारी के परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दी। आनन फानन मे राजकुमारी के परिजन महिला को लेकर ऊंचागांव सीएचसी पहुंचे। घायल महिला को देख तुरन्त चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। महिला जंगली जानवर के हमले से बुरी तरह घायल हो गई, और उसके चेहरे पर घाव के निशान है। स्थानीय किसानों व महिला राजकुमारी के परिजनों ने बताया कि यह तेंदुए का हमला हो सकता है। क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से तेंदुए को देखा जा रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले साल भी तेंदुए ने एक किसान पर हमला किया था।इतना ही नहीं बीते एक सप्ताह पहले पाली आनंदगढ़ी में जंगली जानवर ने कुत्ते नीलगाय और गाय के बछड़े को अपना निवाला बनाया था। महिला पर जंगली जानवर के हमले से गांव में दहशत का माहौल है।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है जब इस संबंध में वन विभाग के रेंजर प्रवेश कुमार से फोन के माध्यम से जनकारी जुटने की कोशिश कि गई तो सम्पर्क नहीं हो सका ।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** नगर के मोहल्ला मोहल्ला रविदास नगर में स्थित धर्मशाला पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के निमार्ता, महान दार्शनिक, भारत रत्न एवं शिक्षाविद थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समस्या अनिल सूद, चौधरी रणबीर सिंह, जुगनू चौधरी, प्रेमपाल सिंह रवि, कमेटी अध्यक्ष दीपू, उपाध्यक्ष खुशीराम, कैशियर नीरज रवि, मुकेश रवि, डॉ नितिन, अंकुर, शिवम, नरेंद्र उर्फ काले, जानू, शनि आदि मौजूद रहे।

# अग्नि सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत अग्निशमन अधिकारियों कर्मचारियों ने आग बुझाने और बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना।** अग्नि सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत अग्निशमन अधिकारियों कर्मचारियों ने आग बुझाने और बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी और क्षेत्र वासियों से उन पर अमल करने की अपील की है।

अग्निशमन जिलाअधिकारी अजय कुमार शर्मा के निर्देशन में व फायर स्टेशन नगीना प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में मंगलवार कि पूर्वाहन अग्निशमन सप्ताह दिवस के कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र के नगीना कोतवाली मार्ग स्थित एल.आर. एस. इण्टर कॉलेज, नगीना धामपुर रोड सेंट मैरी स्कूल, गांधी मूर्ति हिंदू इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर एवं इंटर कॉलेज, कोतवाली देहात के जनता इंटर कॉलेज अग्निशमन अधिकारी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को गैस सिलेंडर से लगने वाली आग के बचाव के संबंध में बच्चों के उपाय बताएं उन्होंने बताया के आज सिलेंडर चला गया शॉर्ट सर्किट से घबराना नहीं चाहिए बल्कि आपको जो उपाय बताए गए हैं उसको इस्तेमाल करते हुए बचाव करना चाहिए ओर निबंध प्रतियोगिता का कार्य कराया जाना चाहिए।इस अवसर पर जय प्रकाश शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल । के नेतृत्व में भाजपाइयों ने ग्राम रोशनपुर जागीर में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। निशांत कर्णवाल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था डॉ भीमराव अंबेडकर ने तमाम कठिनाइयों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स जैसे बड़े संस्थानों से उपाधि प्राप्त की थी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, सदस्यता प्रमुख वीर प्रकाश सिंह भुईयार जीतू भुईयार, गजेंद्र सैनी, मनोज कुमार सैनी, शिवम कुमार जोशी, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व राज्यपाल व कैबिनेट मंत्री को शोषण और संघर्ष भेंट करते.. बेखौफ शायर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ संविधान निमार्ता डा. भीमराव अम्बेडकर के 134 वी जयंती के शुभ अवसर पर एक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी मौर्य जो अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय आदिनाथ योगी द्वारा कैबिनेट मंत्री के पद पर आसीन हैं तो वहीं केबिनेट मंत्री अनिल गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे कार्यक्रम का मंच संचालन हापुड़ के प्रसिद्ध कवि बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने मंच संचालन करते हुए युवा व बच्चों को मोबाइल की अति से बचने का संदेश देते हुए पढ़ा कि किताबें जिंदा रखतीं हैं,ये इतिहास सदियों तक ।तुम्हारे मोबाईल हरगिज,ऐसा कर नहीं सकते ।तुम्हारी आदतें इसने, खराब कर दी है इतनी ।बचना चाहों भी सागर,तो इससे बच नहीं सकते। डा. नरेश सागर ने अपनी स्वरचित पुस्तक शोषण और संघर्ष दोनों को भेंट की जिस पर राज्यपाल श्रीमती बेबी मौर्य ने कहा कि आज समाज के बीच डा.सागर जैसे लोग पैदा करने की बहुत जरूरत है।

# सिडिइए के अतिरिक्त महासचिव (पश्चिम) डी.डी.धारिया के सम्मान में आयोजित किया गया अभिनन्दन समारोह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर :** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग उ.प्र. के 66 वें शताब्दी महाधिवेशन में इंजी. डी.डी.धारिया के अतिरिक्त महासचिव (पश्चिम) पद पर निर्वाचित होकर जनपद बिजनौर आगमन पर संघ की जनपद इकाई के तत्वावधान में जनपद अध्यक्ष लक्खी सिंह की अध्यक्षता में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया । जनपद इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने धारिया को पुष्प गुच्छ देकर एवं पुष्प माला पहनाकर जोशो-खरोश के साथ अभिनन्दन किया।

संघ के पूर्व मण्डल अध्यक्ष इंजी.कविराज सिंह एवं उप महासचिव इंजी. मनोज कुमार ने धारिया द्वारा संघ हित में किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त महासचिव धारिया ने संघ के सदस्यों की समस्याओं का निराकरण कराने एवं उनके अधिकारों व सम्मान की सुरक्षा का आश्वासन दिया। इस दौरान अर्पित गुप्ता, शिवानी गुप्ता, रूपाली पाल, खान, शिवेन्द्र भारद्वाज, नरेश कुमार, महावीर सिंह, राजेश कुमार, मिन्टू कुमार, मंथन जैन, पवन कुमार, मोनू कुमार, अमित कुमार, दीपक कुमार एवं देवेन्द्र कुमार मो आरिफ आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन जनपद सचिव इंजी. अंकित कुमार ने किया।

# के वी के वैज्ञानिकों ने जारी की पाईरिल्ला कीट प्रबंधन हेतु एडवाइजरी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिको की टीम डॉ. के के सिंह और डॉ. पिंटू कुमार द्वारा किसानो के गन्ना खेत का भ्रमण कर पाईरिल्ला कीट प्रबंधन हेतु एडवाइसरी दी गई। पाईरिल्ला गन्ने की फसल का एक महत्वपूर्ण कीट है जो गन्ने की पत्तियों से रस चूस कर फसल को हानि पहुंचता है ह्व पाईरिल्ला कीट के वयस्क भूरे रंग के होते हैं, जिनकी लंबाई 10 से 12 मिलीमीटर होती है, कीट के दो जोड़ी पंख होते हैं और कीट के अंडे हल्के पीले रंग के होते हैं। अडो से निकले बच्चे पांच बार निर्मोचन करने के उपरात प्रौढ़ कीट में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रौढ़ एवं निम्फ कीट द्वारा निरंतर गन्ने की पत्तियों से रस चूसे जाने के कारण गन्ने की पत्तियां पीला पड़ना शुरू हो जाती हैं। पत्तियों की निचली सतह पर कीट का आक्रमण होता है और कीट द्वारा पत्तियों की सतह पर मधु स्राव किया जाता है, जिस पर काली फफूंदी का विकास हो जाता है। कीट का अधिक प्रकोप होने पत्तियाँ सूखने लगती है, प्रबंधन हेतु खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखें। खेत में अंडा समुहों को पत्तियों सहित निकालकर नष्ट कर देना चाहिए ।नत्रजन युक्त उर्वरकों का प्रयोग संस्तुति के आधार पर ही करें, गन्ने के खेत में, 55 फीट का गड्ढा बनायें, एवं उसमें, पालीथीन बिछा दें, गड्ढे में पानी भरा रहे। पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ तेल डालें, फिर उस पर लाईट टेप लगाएं जिसमें 200 वाट का बल्ब, हो उसे लटका दें। रात्रि में पाईरिल्ला एवं अन्य कीट प्रकाश के प्रपंच में आकर गड्ढे में गिर जाते हैं ह्व लाईट ट्रैप शाम से 7 से 10 के बीच ही चालू रखें। एपिरिकेनिया मेलानोलुका परजीवी यदि खेत में दिखाई दे रहे हैं तो ऐसी स्थिति में कीटनाशक का प्रयोग न करें बल्कि इनके संरक्षण के लिए खेत की सिंचाई कर नमी बनाए रखें । एपिरिकेनिया मेलानोलुका परजीवी के 4-5 लाख अंडे या 5 हजार शंखियां/हेक्टर की दर से प्रकोपित फसल पर छोड़े। पायरिल्ला के अंडों का परजीवी टेट्रास्टिकस पायरिल्ला से ग्रसित अंडों के समूह युक्त पत्तों को काटकर, खेत में जगह-जगह फैलायें, ताकि अंडो की अवस्था में ही इस कीट पर विराम लग सके।

# डॉ० संदीप के आतिथ्य में अंबेडकर जयंती पर पुरस्कार वितरण एवं भीम भोज का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** डॉ० भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड न० 3 भट्टागांव के लोकप्रिय सभासद अमित राय द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम एक कदम शिक्षा की ओर के तहत मेधावी छात्र छात्राओं का पुरस्कार वितरण एवं भीम भोज का समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी, राजकंतेश वर्मा, प्रेम मंडल अध्यक्ष निर्मल कुशवाहा, समाजसेवी नंदू अहिरवार, संतराम पेंटर, कपिल बिरसनिया उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम के अगले क्रम में अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों ने डॉ० भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मंची उद्बोधन के अंत में अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। अतिथियों के उद्बोधन के बाद भीम भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार ने किया और कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार अजय कुमार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक राजोतिया, राजू अहिरवार, अर्जुन मुठेले, प्रदीप राय, सूरज भान, नागेंद्र, चुनमुन, योगेश नामदेव, बॉबी, चंद्रकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 76 वां राजस्थान पुलिस दिवस समारोह

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान।** राजस्थान पुलिस का 76वां स्थापना दिवस कल 16 अप्रैल को धौलपुर पुलिस द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर को खास बनाने के लिए 15 से 17 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके साथ ही रेंज स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन धौलपुर में होगा, जहां कल 16 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस परेड की सलामी लेंगे और बेहतरीन सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया है कि 76 वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत 15 अप्रैल से हो गई इसके अन्तर्गत सुबह जिले के सभी थानों, चौकियों, कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत साफ सफाई की गईं इसके अलावा नगर परिषद के ऑडोटोरियम में युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए स्कूली क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसके साथ ही पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया जावेगो शाम को पुलिस लाइन में रस्साकशी एवं बालीवाल के खेलों का भी आयोजन किया जाएगो कल 16 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया जावेगा, जिसमें महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश परेड की सलामी लेगें और उसके पश्चात पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न सेवा चिन्ह भी करेगें। इसके साथ ही साहसिक कार्य करने वाले चयनित आमजन को भी सम्मानित करेगें इसके साथ ही कल छठी बटालियन आर ए सी में रक्तदान शिविर में पुलिसकर्मी रक्तदान करेगें कल शाम को पुलिस लाइन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा एवं पुलिसकार्मिको के मेघावी बच्चे, जिन्होने 10 वीं व 12 वीं में (90 प्रतिशत से अधिक) व खेल-कूद व अन्य गतिविधियों में अच्छा योगदान किया है।

## सीएचसी चिनहट पर सांसद निधि से अल्ट्रासाउंड मशीन को जनता को किया समर्पित



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चिनहट पर सांसद निधि द्वारा एक अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण मंगलवार को राज्यसभा सांसद बृजलाल द्वारा किया गया। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल से कोई भी मरीज इलाज के अभाव में वापिस न लौटे। सरकार सभी को इलाज और स्वास्थ्य इकाइयों पर समुचित संसाधन मुहैया कराने के लिए लिए वचनबद्ध है। मरीजों के साथ आत्मीय और सम्मानजनक व्यवहार करें। डाक्टर और स्वास्थ्य कार्यकताओं का मरीज के साथ मधुर व्यवहार उनकी आधी बीमारी को ठीक कर देता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने कहा कि जिन भी चीजों की मांग हमने सांसद के सामने रखी थी उसकी आपूर्ति उन्होंने करवा दी है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.एस. सिद्दीकी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ए.पी.सिंह, सीएचसी अधीक्षक डा. दिलीप भार्गव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सतीश यादव आदि रहे।

# ओ.एस.जी.यू. में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** : गत दिवस ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, हिसार में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल के दिशानिर्देश में हुआ। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोमेंद्र शर्मा रहे। उन्होंने डॉ.अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला और सभी विधार्थियों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. एन.पी. कौशिक ने सभी विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक और विचारक थे। उन्होंने छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड हयूमैनिटिज के प्रभारी डॉ. सुनील बैंदा ने भी विधार्थियों को डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों के लिए समानता और न्याय की बात की थी। इस वेबिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने विशेषज्ञों द्वारा डॉ. अंबेडकर के बताए गए विचारों से प्रेरणा ली और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह प्रोग्राम को सफल बनाने में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड हयूमैनिटिज, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई।

## लाटू देवता के मंदिर में शुरू हुआ स्यालदे बिखोती मेला



वेलकम इंडिया

**कपकोट ,गणेश उपध्ध्याय,** कपकोट क्षेत्र की आस्था का प्रमुख मंदिर श्री श्री 1008 लाटू देवता मंदिर में सुप्रसिद्ध स्यालदे बिखोती का मेला शुरू हो गया है। मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। क्षेत्र की सुख,शांति औ ? समृद्धि के लिए मंदिरमें प्रकांड विद्वान आचार्यो और कुलपुरोहितों द्वारा सामूहिक रूप से हवन यज्ञ और गोदान किया गया। लाटू देव को विभिन्न प्रकार के अनाज से बने प्रसाद का भोग चढ़ाया गया। मंदिरमें लगाए गए विशाल सामूहिक भंडारे में भक्तों से सेवादारी कर भंडारे में अपना योगदान दिया।साथ ही भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

# बुजुर्गों ने सीखा कंप्यूटर चलाने का तरीका

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार( राजेश सलूजा)** : सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन एवं प्राणनाथ प्रणामी फाउंडेशन की ओर से विभिन्न गांवों में कम्प्यूटर चलाना सिखाया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं बुजुर्गों में कम्प्यूटर शिक्षा के प्रति विशेष क्रेज दिखाई दिया। इस अभियान के तहत निःशुल्क विशेष बस के माध्यम से एक दर्जन से अधिक गांवों में कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की गई। इस शिक्षा यात्रा मुहिम के तहत तलवंडी राणा, धिकताना स्थित संत एण्ड हरि हाई स्कूल, खेड़ी बर्की गांव में जीनियस हाई स्कूल व धान्सू स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल में निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन फार्म जमा करवाने, किसानों को मौसम की स्थिति जानने, फसलों के बाजार भाव जानने व समाज विकास की अलग-अलग योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सामाजिक संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व एवं बहबलपुर के पूर्व संरपंच धर्मपाल ने भी इन योजना के तहत बुजुर्गों को कम्प्यूटर चलाना सिखाया। गांव तलवंडी राणा एवं बहबलपुर के ग्रामीणों को कम्प्यूटर की बेसिक नॉलेज के अलावा उसके उपयोग, इंटरनेट व उसके उपयोग की जानकारी के अलावा डिजिटल लॉकर बनाने, ऑनलाइन बिजली का बिल भरने, रेलवे की टिकट बुक करने, मौसम की जानकारी प्राप्त करने, सरकारी व प्राइवेट क्षेत्र की नौकरियों की जानकारी प्राप्त करने से लेकर डिजिटल तकनीकों के उपयोग के साथ-साथ ई लॉकर की भी जानकारी दी गई।

## शमशान घाट के पास फिर मिला अज्ञात महिला का शव



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**

हापुड़/हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुलंदशहर रोड पर शिवगढ़ी श्मशान घाट के पास फिर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप।बताने की हापुड़ जनपद में पिछले तीन माह के अंतराल में लगभग एक दर्जन अज्ञात शव मिल चुके हैं। जिम हापुड़ पुलिस के द्वारा लगभग अधिकतर मामलों का खुलासा कर दिया गया है तो वहीं कई मामले अंशुलझी पहेली बने हुए हापुड़ पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। वही अज्ञात महिला केशव मिलने की सूचना पर हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह एवं एडिशनल एसपी विनीत भटनागर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। महिला के शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल से साक्षी एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सभी पहलुओं से मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की गई है।

# शिक्षा माफिया देश में लागू नहीं होने दे रहे समान पाठ्यक्रमः चेतनारायण सिंह


वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट का 58वां प्रांतीय सम्मेलन मंगलवार को बरेली के संजय कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए सैकड़ों शिक्षकों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने और पूरे देश में समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने की मांग पर जोर दिया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि देश के शिक्षा माफिया देश में समान पाठ्यक्रम लागू नहीं होने दे रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक हमारा संगठन चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए और यूपीएससी व पीसीएस की परीक्षाओं की तरह देशभर में स्कूली शिक्षा के लिए एक समान पाठ्यक्रम लागू होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा माफिया देश में समान पाठ्यक्रम लागू नहीं होने दे रहे हैं और सरकार को इस बाधा को दूर करना चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन्य एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वह शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर हैं और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री तक भी आवाज पहुँचाने को तैयार हैं। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने भी समान पाठ्यक्रम की मांग का समर्थन करते हुए कहा देश की राजनीति की दिशा शिक्षा से तय होती है। यदि पूरे देश में एक जैसा पाठ्यक्रम हो जाए तो यह बदलाव की दिशा में बड़ा कदम होगा। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने शिक्षकों को समाज का मूर्तिकार बताया और कहा कि आज भी समाज में शिक्षक की छवि मजबूत बनी हुई है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा शिक्षक राष्ट्र की दशा और दिशा तय करते हैं। शिक्षकों के सम्मान और उनके मुद्दों के समाधान के लिए मैं हर स्तर पर खड़ा रहूंगा।

# नगर निगम का बजट सदन में पेश सर्वसम्मति से पारित

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** नगर निगम की सदन की बैठक में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। नगर निगम की कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित इस बजट को लेकर सदन में गहन चर्चा हुई, जिसमें पार्षदों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई अहम फैसले लिए गए हैं, जिससे लखनऊ की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने की उम्मीद है। इस वर्ष के बजट की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने स्वयं की निधियों में कटौती कर दी है। वहीं, विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पार्षदों की निधि को 150 लाख रुपये से बढ़ाकर 210 लाख रुपये प्रति वार्ड कर दिया गया है। इससे प्रत्येक वार्ड में सड़कों, नालियों, स्कूलों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के कार्यों को बल मिलेगा। पार्षदों की विकास निधि को अलग-अलग मदों में बांटा गया है। जिसमें प्रति वार्ड मार्गों के मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु 150 लाख रुपये, प्रति वार्ड पैच हेतु 10 लाख रुपये, प्रति वार्ड क्रॉसिंग एवं पुलिया मरम्मत के लिए 10 लख रुपये, चूना, फॉगिंग, कीटनाशक दवाओं हेतु प्रति वार्ड 05 लाख रुपये, प्रति वार्ड हत्थू ठेला क्रय/मरम्मत हेतु 05 लाख रुपये, इलेक्ट्रॉनिक रेफ्रिजरेटर (कॉफिन) ई-रिक्शा 10 लाख प्रति वार्ड, मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रति वार्ड 10 लाख रुपये, पार्कों के अनुरक्षण/मरम्मत हेतु 10 लाख रुपये खर्च कर सकते हैं। सदन में मंगलवार को सर्व सम्मति ये यह भी पारित हुआ है कि माननीय पार्षदगण अपनी निधि को किसी भी विकास कार्य में खर्च कर सकेंगे। बजट में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्कूलों के जीर्णोद्धार, पार्कों की देखरेख और डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा यूजर चार्ज में बदलाव करते हुए इसे गृहकर से लिंक किया गया है, जिससे वसूली पारदर्शी और आसान होगी। इससे नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। नगर निगम का कुल बजट गत वर्ष की अवशेष धनराशि को जोड़ते हुए कुल ?4,30,453.60 लाख रुपये रखा गया है। कुल व्यय ?3,30,786.05 लाख रुपये प्रस्तावित किया गया है।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय को लेकर राम जी ब्लू सफायर होटल में गोष्ठी का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़/जनपद हापुड़ में डॉ बी आर अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन परिचय कराने को लेकर पिलखुवा स्थित ब्लू सफायर होटल में संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के ऊपर महामंत्री पश्चिम को सुभाष यदुवंश ने कहा कि राम जी अंबेडकर (भीमराव रामजी अंबेडकर; 14 अप्रैल 1891 - 6 दिसंबर 1956) एक भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे। जिन्होंने भारतीय संविधान सभा की बहसों और सर बेनेगल नरसिंह राव के पहले मसौदे के आधार पर भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्षता की थी।पश्चिम के छेत्रिय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने कहा की भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्रियां थीं।वे 64 विषयों में मास्टर थे और 9 भाषाओं में निपुण थे।बॉम्बे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री कोलंबिया विश्वविद्यालय से एमए, पीएचडी, और एलएलडी की डिग्री लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमएससी और डीएससी की डिग्री बैरिस्टर-एट-लॉ की डिग्री प्राप्त की थी।उन्होंने करीब 21 सालों तक दुनिया के प्रमुख धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन किया। और प्राचीन भारत का वाणिज्य' और 'ब्रिटिश भारत में प्रांतीय भारत का विकेंद्रीकरण' जैसे शोध लिखे।युवा मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश कहा की उन्होंने मूक और अशिक्षित और गरीब लोगों को जागरुक बनाने के लिए 'मूकनायक' और 'बहिष्कृत भारत' साप्ताहिक पत्रिकाएं संपादित कीं.उन्होंने भारतीय ध्वज में 'अशोक चक्र' को स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई.उन्होंने कहा की एकमात्र भाजपा की ऐसी पार्टी है। जिसमें बाबा साहब को सम्मान दिलाने का कार्य किया है।

# ब्लॉक भगतपुर की न्याय पंचायतों में संकुल बैठकों का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया,लईक सैफी**



**टाण्डा।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टांडा की सभी न्याय पंचायतों रानीनांगल, पीपलसाना, महेशपुर खेम, कांकरखेड़ा, भगतपुर-टांडा और भवानीपुर में मासिक संकुल बैठकों का सफल आयोजन किया गया।

बैठकों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रशिक्षण हैण्डआउट्स, प्रिंटरिच सामग्री, शिक्षण किट्स और तालिकाओं के प्रयोग पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त दीक्षा, पीएम ई-विद्या चैनल तथा यू-ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे प्रशिक्षण वीडियो को शिक्षण प्रक्रिया में उपयोग करने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया गया। साथ ही, नए शैक्षिक सत्र में नामांकन वृद्धि पर भी चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस ने न्यायपंचायत पीपलसाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मिलक लालूवाला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने अन्य न्याय पंचायतों में वीडियो कॉल के माध्यम से संकुल बैठकों की समीक्षा करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की और उन्हें जरूरी हिदायत जारी कीं।

प्राथमिक विद्यालय कय्यूम शाह की मिलक में आयोजित बैठक की अध्यक्षता न्याय पंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ संकुल शिक्षक मोहम्मद आकिल चौधरी ने की।उन्होंने तथा अन्य शिक्षक संकुल सदस्यों मोहम्मद रिजवान, मोहसिन अख्तर, राजेन्द्र सिंह एवं सुभाष सागर ने सभी शिक्षकों से कक्षा शिक्षण को समर्पण भाव से करने का आह्वान किया ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक करनपाल सिंह, शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, अर्चना भटनागर, शालिनी रस्तोगी, विश्वेश्वरी, बबिता भटनागर, शाजिया अहसन, कावेरी भटनागर, प्रियंक त्यागी, मोहम्मद अली, सुषमा, योगेंद्रपाल सिंह, कुलवीर सिंह, शबनम मेराज, आकांक्षा देवी, ऋतु रस्तोगी, राजकुमार सिंह, रामेश्वरी देवी, सुम्बुल इस्लाम, सुगन्धबाला और मोहम्मद अनीस आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# बाहरी सफाई तो हम थोड़े से जतन से ही कर लेते हैं परंतु अंतर की सफाई के लिए विशेष जतन करना चाहिए : सतगुरु कंवर साहेब

**वेलकम इंडिया**



**हांसी ।** सत्संग का पूर्ण लाभ संत सतगुरु के चरणों में बैठकर परमात्मा के गुणों का बखान करने से ही मिलता है ।बाहरी सफाई तो हम थोड़े से जतन से ही कर लेते हैं परंतु अंतर की सफाई के लिए विशेष जतन करना पड़ता है। यह सत्संग वचन पर परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने हांसी के भिवानी रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए।

हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने उपस्थित संगत की विशाल हाजरी को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबसे पहले आप अच्छे गुणों को अपनाओ ।मन की शुद्धता पर बल दो ।मन की शुद्धता हमारे बाह्य आचरण से प्रकट होती है क्योंकि बाहरी आचरण वैसा ही होगा जैसा हमारा अंतर्मन होगा ।उन्होंने कहा कि जब तक हमारे भाव शुद्ध नहीं हैं तब तक हम परमात्मा के समीप नहीं जा सकते ।आज के समय में विषयों को ही विष कहा गया है ।अगर जीना चाहते हो तो विषयों से बचो ।गुरु महाराज जी ने कहा कि यह रूह अपने पिता से बिछुड़ी है ।परमात्मा की विरह इसको बेचैन रखती है और इसी बेचैनी का लाभ काल और माया उठाते हैं ।जो काल और माया के फेर में नहीं आते वो अपने विरह को परमात्मा की खोज से ही शांत करते हैं ।सतगुरु परमात्मा का ही रूप हैं इसलिए रूह की विरह सत्संग से ही शांत हो सकती है ।हुजूर ने फरमाया कि आज समाज में अनेकों कुरीतियों ने जड़ जमा ली है ।चरित्र के मामले में नशे विषयों के संदर्भ में और दूसरे लोभ लालच में इंसान दिन ब दिन गिरता जा रहा है ।ऐसे में इंसान को रास्ता तो वो अपनाना चाहिए जिसपर चलकर वह इन गफलत से निकल सके परंतु इंसान चुनता भी वही रास्ता है जो इस दलदल में उसे और उलझाता है ।सत्संग हर व्याधि की इलाज है ।किसी पूर्ण संत का सत्संग आपको पथभ्रष्ट होने से बचाता है ।उन्होंने कहा कि इतने सत्संग कथाएं हो रही हैं ।इतने समाज सुधारक प्रयास कर रहे हैं फिर भी समाज उन्नत नहीं हो रहा,इसका कारण क्या है ।इसका कारण है हमारा दूषित आपा ।उन्होंने कहा कि माफ करना भी सीखो और माफी मांगना भी ।वाद विवाद में कोई लाभ नहीं है ।कोई आपको कटु वचन बोलता है और आप भी यदि बदले में कटु वचन बोलते हैं तो आपने केवल उस गलत बात को बढ़ावा ही दिया है ।बात तो तब सुलझती है जब आप कटु वचन के बदले मृदु बात करते हैं ।उन्होंने कहा कि सज्जन व्यक्ति के लिए हार जीत कोई मायने नहीं रखती ।कुशब्द को सहना सीखो क्योंकि आपकी सहनशीलता वाद विवाद को समाप्त करती है।

# फौजी के घर को खाली देख घुसे चोर, लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र की बालाजी धाम कॉलोनी में चोरों ने फौजी के बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 25 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना की पीड़िता का पति भारतीय सेना में तैनात हैं और इस वक्त जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी पर हैं। पीड़िता निधि सिंह पत्नी ज्ञानेन्द्र सिंह रविवार को परिवार के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए फरीदपुर स्थित अपने पैतृक घर गई थीं। घर में ताला लगा था। अगले दिन सोमवार की रात करीब 1:30 बजे अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर घर में घुसकर भीतर रखी अलमारी-बक्सों में रखे गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह पड़ोसी सेठ पाल यादव ने निधि सिंह को फोन करके बताया कि उनके घर का ताला टूटा पड़ा है। जब वो मौके पर पहुंचीं, तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अलमारी और बक्से खुले पड़े थे और सारा कीमती सामान गायब था। पीड़िता ने बताया कि चोर 50 हजार नकद, सोने का हार (3 तोला), 4 कंगन (4 तोला), 10 सोने की अंगूठियां (करीब 5 ग्राम प्रत्येक), 2 सोने की चैन, 2 ओम पैडल, टॉप्स, झाले, कुण्डल, झुमकी और मांग टीका, 5 पुरुषों की अंगूठियां (20 ग्राम), चांदी की कंघनी (500 ग्राम), बच्चे के कंगन (100 ग्राम), 10 जोड़ी पायल (500 ग्राम) चुरा ले गए। पीड़िता निधि सिंह ने कैंट थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके पति इस वक्त जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कॉलोनी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# वात्सल्य का वार्षिकोत्सव समारोह

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** 15 अप्रैल ।प्रसिद्ध सामाजिक संस्था वात्सल्य का वार्षिकोत्सव जनकपुरी स्थित आर्य समाज मंदिर सभागार में संस्था प्रमुख डॉ. कविता मल्होत्रा के कुशल निर्देशन में बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम न केवल संस्था की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकार और साहित्यिक चेतना के अद्भुत संगम का प्रतीक भी रहा।अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार,लेखिका, डॉ. सविता चड्ढा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक, अति विशिष्ट अतिथि हिंदी अकादमी दिल्ली के पूर्व उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में टू मीडिया के डॉ.ओम प्रकाश प्रजापति, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक पत्रकार- विचारक डॉ. शंभू पंवार, साहित्यकार विनोद पाराशर, प्रकाशक अशोक गुप्ता और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विदुषी शर्मा जैसे प्रतिष्ठित विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।संस्था प्रमुख डॉ कविता मल्होत्रा और यश मल्होत्रा ने अतिथियों को शॉल एवं तुलसी के पौधे के भेंट कर 'वात्सल्य गौरव सम्मान 2025', से सम्मानित किया। इस अवसर पर वात्सल्य संस्था के बच्चों द्वारा शानदार नाटिकाएँ प्रस्तुत की गई ।बच्चों ने नाटिकाओं के माध्यम से समाज की वर्तमान पारिवारिक स्थिति, भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों को अत्यंत सजीव और भावप्रवण रूप में मंचित किया। प्रणव , ध्रुव सहित सभी बाल कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।कार्यक्रम में डॉ. कविता मल्होत्रा द्वारा संपादित कृतिया माँ, वात्सल्य वसुंधरा ओर डॉ. यति शर्मा की पुस्तक संबंधों का धर्मशास्त्र तथा टू मीडिया के साहित्यिक कैलेंडर 2025 का लोकार्पण किया। दिल्ली-एनसीआर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे 40 से अधिक साहित्यकारों एवं साहित्यप्रेमियों को डॉ. कविता एवं यश मल्होत्रा ने 'वात्सल्य कलम कौस्तुभ सम्मान झ 2025' से सम्मानित किया । कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था के प्रतिभावान बच्चों को उनके अभिभावकों सहित मंच पर बुलाकर सम्मानित करना भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा ।जिससे सामाजिक सहभागिता और पारिवारिक मूल्य और भी सुदृढ़ हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रणव मेहरा एवं प्रसिद्ध कवयित्री, मंच संचालिका सुश्री उषा श्रीवास्तव ने किया। अंत में डॉ. कविता मल्होत्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुवे कहा ह्ववात्सल्य केवल एक संस्था नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है, एक सोच है – जो हर पीढ़ी में भारतीयता और मानवता के बीज रोपित करने का कार्य करती है ।ह्व यह समारोह निःसंदेह साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा, जिसकी स्मृतियाँ लंबे समय तक साहित्यिक और सामाजिक जगत में प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

# प्रधान प्रत्याशी के आवास पर जागरूकता कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में प्रधान प्रत्याशी के आवास पर एसबीआई बैंक के कर्मचारियों ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी प्रधान प्रत्यासी जुनैद अली के आवास पर भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बैंक कर्मचारियों ने ग्रामीणों व किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार अब किसानों को उनके कृषि भूमि पर केसीसी कार्ड में भारी मात्रा में ब्याज पर छूट देते हुए रूपयों को भी दोगुना दे रही है। इस दौरान उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों और किसानों का जागरूक किया। प्रधान प्रत्याशी जुनैद अली ने ग्रामीणों को बताया कि भारतीय स्टेट बैंक एक सरकारी बैंक है जिसमें सभी ग्रामीण अपना बैंक खाता खुलवाकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकता है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद है।

## महिला प्रेमी संग फरार पति ने लगाई गुहार

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी को बहला–फुसलाकर एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर गुमशुदगी की सूचना देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार को थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पत्नी का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। आरोपी युवक जनपद मुजफ्फरनगर के गांव का काकड़ा का निवासी है उसकी पत्नी को कई बार अपने साथ भगा कर ले गया है। आरोप है कि आरोपी उसकी पत्नी को गत दिवस रविवार को भगाकर अपने साथ ले गया पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर अपनी पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाईं है पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

## कृषि भूमि से गेहूं की फसल काटने का आरोप

**कांधला।** हरियाणा निवासी एक किसान ने क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में अपनी कृषि भूमि से गेहूं की फसल को गांव के ही तीन लोगों पर चोरी से काट कर ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। हरियाणा जनपद के पानीपत के समलाखा क्षेत्र के गांव अटटा निवासी संजय कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित ने क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में कृषि भूमि को खरीद रखा है। कृषि भूमि का बैनामा और दाखिल खारिज पीड़ित के नाम है। आरोप है कि गांव के ही सालिम पुत्र सोखा ने अपने अन्य परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित की कृषि भूमि से गेहूं की फसल को चोरी से काट लिया और अपने घर ले गया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सालिम को गिरफ्तार करते हुए उसका चालान कर दिया है।

## विवाद के बाद दो पक्ष में हुई मारपीट, शिकायत

**कांधला।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने मंगलवार को थाने में दी। बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। पड़ोस में रहने वाला युवक रास्ते में आने–जाने के साथ उसके साथ छेड़छाड़ करता है। मंगलवार की सुबह भी वह किसी काम से घर से बाहर जा रही थी, तो आरोपी ने रोक कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी गाली–गलौज करने लगा। शोर सुनकर आरोपी की पत्नी भी वहां पहुंच गई। दोनों ने मिलकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष की महिला का कहना है कि उसके पति रास्ते में सफाई कर रहे थे, इसी दौरान पड़ोसी महिला ने उसके पति के साथ गाली–गलौज कर हाथापाई की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहर में नहाते समय किशोर घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी 15 वर्षीय किशोर मुस्तकीम अपने साथी सावेज के साथ पूर्वी यमुना बड़ी नहर में नहाने के लिए गया था। परिजनों के अनुसार दोपहर के समय पुल से किशोर ने गोता लगाया तो नहर के भीतर किशोर के सिर में ईट लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। किशोर के साथी घायल को प्राइवेट अस्पताल में लेकर आए और परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल किशोर का उपचार शुरू कराया। जहां पर किशोर की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इसके बाद परिजनों ने भी राहत की सांस ली।

# डॉ.बी.एल.गौड़ फाउंडेशन ने किया कर्मयोगी डॉ. इंद्रजीत शर्मा का अभिनंदन

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** 15 अप्रैल ।सुप्रसिद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक ट्रस्ट 'डॉ.बी.एल.गौड़ फाउंडेशन' द्वारा अमेरिका में उद्योगपति प्रवासी भारतीय कर्मयोगी डॉ. इंद्रजीत शर्मा का भव्य अभिनंदन किया गया।

राजधानी के 'कांस्टीट्यूशन क्लब' मे आयोजित अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बी.एल.गौड़ ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिका-शिक्षाविद् एवं लक्ष्मीबाई महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रत्यूष वत्सला एवं विशिष्ट अतिथि इंडोनेशिया से पधारे धर्मगुरु डॉ. ई.माधे रहे ।समारोह का शुभारंभ डॉ. बी.एल.गौड़ की तीन लोकप्रिय साहित्यिक गीतों की मधुर प्रस्तुति से हुआ। इन प्रभावशाली गीतों को अपनी आवाज और संगीत से सजाया सुप्रसिद्ध संगीतकार डॉ. विजय श्रीवास्तव ने। तत्पश्चात फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ बी एल गौड एवं अतिथियों ने प्रसिद्ध समाजसेवी, एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति, अमेरिका के न्यासी डॉ. इंद्रजीत शर्मा को शॉल, पुष्पहार, प्रतीक चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंट कर कर्मयोगी की उपाधि से अलंकृत किया ।समारोह को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्रत्यूष वत्सला ने डॉ.इंद्रजीत शर्मा को उनकी उपलब्धियों और सेवाओं के लिए एक अनुकरणीय व्यक्तित्व बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ई. माधे ने अपने उद्बोधन में डॉ इंद्रजीत शर्मा को एक सहज-सरल और निश्छल मन के धनी और मानवता की अलौकिक मिसाल बताते हुवे मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर डॉ.इंद्रजीत शर्मा ने सभागार में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता और परिवार से जो संस्कार मिले वही उनकी शक्ति और पूँजी हैं।

# बरेली में सैकड़ों करोड़ की 251 शत्रु संपत्तियों की रिपोर्ट योगी सरकार को सौंपी गई

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**




**बरेली।** बरेली जिले में स्थित करोड़ों की कीमत की 251 शत्रु संपत्तियों का ब्योरा अब योगी सरकार के पास भेज दिया गया है। जिला प्रशासन ने इन संपत्तियों का गहन ऑडिट कर पूरी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश शासन को सौंप दी है। ये संपत्तियां उन 77 व्यक्तियों से जुड़ी हैं, जो भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद पाकिस्तान जाकर बस गए थे। प्रशासन ने इन संपत्तियों की जानकारी तहसील स्तर पर राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद एकत्र की है। रिपोर्ट के अनुसार, सदर तहसील में सबसे ज्यादा शत्रु संपत्तियां पाई गईं। इसमें अहमदी बेगम की कोतवाली बाजार में चार दुकानें और नैनीताल रोड पर दो बड़े हाउस शामिल हैं। वहीं रहमत हुसैन के अब्दुल्लापुर मुसाफिर माफी में 21 प्लॉट हैं। अली रजा के मैमोर में 23 प्लॉट और ठिरिया निजावत खां में एक मकान है। जिला प्रशासन द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के बाद अब शासन स्तर से इन शत्रु संपत्तियों पर विधिक प्रक्रिया के तहत अगली कार्रवाई की जाएगी। इनमें से कई संपत्तियां शहरी क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर स्थित हैं, जिनका सरकारी उपयोग के लिए अधिग्रहण किया जा सकता है। आपको बता दे कि शत्रु संपत्ति वह संपत्ति होती है जो उन भारतीय नागरिकों के नाम पर दर्ज होती है, जो 1965 या 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान चले गए और वहां की नागरिकता ले ली। भारत सरकार इस संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित करती है और इसे सरकारी नियंत्रण में ले लेती है।

# धौलपुर ड्रीम्स द्वारा कवि सम्मेलन तथा धौलपुर डायरीस पुस्तिका का विमोचन

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान ।** धौलपुर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर धौलपुर ड्रीम्स द्वारा एक शाम धौलपुर के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें धौलपुर डायरीस पुस्तिका का भी विमोचन किया गया । इस पुस्तिका में धौलपुर के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का उल्लेख किया गया है । इस कवि सम्मेलन में धौलपुर की स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्सहन देने हेतु स्थानीय कवियों को आमंत्रित किया गया, जिसमें जनाब नूर धौलपुरी, मनोज सिंघल बेचैन, सुरेंद्र शर्मा, हिमानी उपाध्याय,प्रेम प्रसून, किशोर शर्मा, गिर्राज शर्मा तथा हरेंद्र हर्ष ने काव्य पाठ किए ।कवि सम्मेलन में उपस्थित सभी कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं से धौलपुर की गौरवशाली धरोहरों की महत्वता पर प्रकाश डाला । इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवृत्ति ए सोमनाथ जिला परिषद,उपस्थित रहे । कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों के काव्य पाठ सुनकर उन्होंने कहा कि यदि सभी इसी प्रकार अपनी ओर से प्रयास करते रहेंगे तो अवश्य ही धौलपुर की सकारात्मक पहचान देश और विदेश में होगी ।इस अवसर पर संजय शर्मा ने कहा कि इस कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों ने धौलपुर स्थापना दिवस के अवसर को महत्वता देते हुए धौलपुर के गौरवशाली इतिहास तथा संस्कृति पर आधारित अपनी रचनाएं तैयार की हैं, जिसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं । उन्होंने कहा धौलपुर डायरीस पुस्तिका की सॉफ्ट कॉपी तथा हार्ड कॉपी धौलपुर के स्कूली बच्चों तथा आमजन में वितरित की जाएगी ।गौरव गर्ग ने कहा कि धौलपुर ड्रीम्स की शुरूआत एक सोच के साथ हुई, कि हम धौलपुर के निवासी हैं, हमें धौलपुर को आगे ले जाने में तथा सम्मान दिलाने में अपने स्तर पर प्रयास करने चाहिए । उन्होंने कहा कि भविष्य में लोग राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साकारात्मक रूप में हमारे धौलपुर को जाने, पहचाने, हमारा धौलपुर स्वच्छ बने, स्वस्थ बने, आत्मनिर्भर बने और समृद्ध बने यही भावना है । मंच का संचालन अनिल मिश्रा ने किया । इस दौरान कार्यक्रम में शिक्षाविद वीरेंद्र त्यागी, अतुल कुमार भार्गव एडवोकेट, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, मुबीन अहमद फारुकी, सपना गर्ग, डॉ विनोद गर्ग, रजत मित्तल, पंकज शास्त्री, रहीस फारूकी, असलम खान, एंड.रंजीत दिवाकर , दुर्गा शरण दुबे, मोहन प्रकाश त्यागी, राम किशोर शर्मा, संजय अग्रोहा, सुबोध गुप्ता, सहित अन्य मौजूद थे।

# अपर सचिव सोनकर ने बागेश्वर पहुँचकर विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,नियोजन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अपर सचिव जितेंद्र कुमार सोनकर ने बागेश्वर दौरे के दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी पहल ‡सरकार जनता के द्वार‡ कार्यक्रम के तहत विकासखंड बागेश्वर के ग्राम पंचायत ओखलीसिरौद में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और आम जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को जानना था।जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।उन्होंने क्षेत्र में अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं को रखने का अवसर मिला। अपर सचिव सोनकर ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्रामीणों से महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर सचिव सोनकर ने कहा कि इस प्रकार के जन संवाद कार्यक्रम नीति निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे मिलकर उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझना सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी योजनाओं का लाभ धरातल पर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके।अपर सचिव सोनकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं।

इस अवसर पर अपर सचिव सोनकर ने आम जनता से भी अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और क्षेत्र के विकास कार्यों में विभागों का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनता और सरकार के बीच आपसी सहयोग से ही विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।जन संवाद कार्यक्रम से पूर्व, अपर सचिव सोनकर ने भनारतोली मनयाछीना गांव का भी दौरा किया।

# मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब का मतदान हुआ संपन्न, राहुल ठाकुर बने अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।**
**मेरठ।** मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब का मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में मतदान संपन्न हुआ, शाम को चुनाव के परिणाम भी घोषित कर दिए गए। जिसमें कार्यकारिणी में राहुल ठाकुर को अध्यक्ष और धर्मेंद्र तोमर को महामंत्री पद पर चुना गया है। यह चुनाव सभी की सहमति से संपन्न हुआ। मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब की कार्यकारिणी में चार महिला पत्रकारों को भी शामिल किया गया है, इसके अलावा संरक्षण समिति में 8 सदस्य शामिल रहे तो 21 पत्रकारों की कार्यकारिणी बनाई गई है। इस मौके पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने फूल माला पहनाकर संगठन को शुभकामनाएं दी। मंगलवार को मंगलपांडे नगर स्थित प्रेस क्लब पर मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र चौहान द्वारा की गई। इस मौके पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने सहमति जताकर अध्यक्ष पद पर राहुल ठाकुर, महामंत्री पद पर धर्मेंद्र तोमर, कोषाध्यक्ष पद पर हशमे आलम, उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार गुप्ता और रिदा खान, गौरव जैन, सचिन भारती को मंत्री पद पर अपना मत दिया। इसके अलावा उप मंत्री पद पर जाहिदा खान, वंशिका शर्मा, शालू शर्मा, संगठन मंत्री पद पर अमित बंसल तथा मीडिया प्रभारी पद पर विश्व बादली और रमेश सोनी को चुना गया।मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब की कार्यकारिणी में 8 पत्रकारों का संरक्षण दल, जिसमें राजेंद्र चौहान, अविनाश सक्सेना, प्रकाश चंद, अतुल माहेश्वरी, अनिल बादली, जगमोहन शाकाल, गणेश ठाकुर, संजीव शर्मा को नियुक्त किया गया। साथ ही 21 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई गई है।

# नव उज्ज्वल फाउंडेशन संचालित कृतिम अंग निर्माण कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** राष्ट्रीय सेवा भारती से संबद्ध नवउज्जवल फाऊंडेशन मथुरा द्वारा संचालित काव्या कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला हे राम भवन 80 सी डी एस नगर महोली रोड मथुरा पर 15 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार प्रातः 10:00 बजे से दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगों के सहायक उपकरणों की नाप तोल की गई , जिसमे 8 पैर, 6कैलीपर माप लिया गया ,संस्था द्वारा दिव्यांगों को ऑर्थेटिक एवं प्रोस्थेटिक सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं ,कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, बिहारी जी की छवि पर माल्यार्पण डॉ राकेश चंद्र चतुर्वेदी ने किया ,इस अवसर पर ठाकुर नंदकिशोर सिंह, प्रदीप गौतम ,अजय कुमार शर्मा, उमेश लोहिया ,पार्षद रामदास चतुर्वेदी ,सचिन गौतम आदि उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव विष्णु कुमार शर्मा ने किया।

# डे नाईट राज्यस्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत मगहर के सूती मिल रॉड स्थित मैदान में रविवार की देर शाम दो दिवसीय दिवसीय डे नाईट राज्यस्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि सपा विधायक कवींद्र चौधरी अतुल ने फीता काटकर उद्घाटन किया।इस प्रतियोगिता में प्रदेश की नामी ग्रामी टीमें हिस्सा ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक कवींद्र चौधरी अतुल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने पर आपस में प्रेम भावना बढ़ती है।शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है।कबीर की धरती है जहां से पूरे विश्व को साम्प्रदायिक सौहार्द व प्रेम का संदेश जाता है।खेल से देश प्रेम की भावना भी पैदा होती है।देश के विकास में खेल का महत्वपूर्ण योगदान होता है।उद्घाटन मैच वालीबॉल क्लब सीवान बिहार व बीर बहादुर स्पोर्ट कालेज गोरखपुर के बीच खेला गया।जिसमें सीवान बिहार की टीम ने 2-1 सेट से मैच जीता। दूसरा मैच स्पोर्ट हॉस्टल अयोधया और स्पोर्ट हॉस्टल देवरिया के बीच रोमांचक मैच खेला गया।जिसमें देवरिया की टीम ने कड़े मुकाबले में देवरिया ने अयोधया को 2-1से पराजित किया।जिसका दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया।इसके बात सीवान और नेपाल के बीच खेला गया।जिसमे सीवान की टीम ने नेपाल की टीम को 2केमुकाबले1से पराजित किया।इसके बाद स्पोर्ट हॉस्टल देवरिया और बेगूसराय बिहार के बीच खेला गया।जिसमें देवरिया ने बेगूसराय बिहार की टीम को 2-1से पराजित किया।निर्णायक की भूमिका ए कुमार,खलील खान व शमशुद्दीन खान ने निभाई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी,पूर्व चेयरमैन अश्वनी गुप्त,हाजी फिरोज भीटी, सिराज खां,खलील खान, परवेज कौसर,रणजीत कन्नौजिया, हाजी बदरे आलम अंसारी,बबलू खान, अहमद आलम जेई,सय्यद नफिसुल्हसन,सय्यद शमीम,अवधेश सिंह, जमील अख्तर,सिबतैन मुस्तफा,इश्तियाक खान,हाफिज रिजवान,राहुल कन्नौजिया,गयासुद्दीन खान,जगदम्बा जायसवाल,खुर्शीद खान,अबरार आलम,इंजीनियर अमीर कादरी,डाक्टर शरद चंद,त्रिलोकीनाथ बर्मा,आदि लोग मौजूद रहे।

# बनारसीदास गर्ग डिग्री कालिज में आन्तरिक परीक्षा प्रारम्भ



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** अहमदगढ़ में स्थित बनारसी दास गर्ग डिग्री कालिज में एन.ई.पी. सम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा मंगलवार से प्रारम्भ हो गई हैं। बी.ए.द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर की हिन्दी व बी.कॉम.द्वितीय सेमेस्टर की बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षा सुचारु रूप से सम्पन्न हुई।परीक्षा कालिज के प्रबंधक राहुल कुमार, प्राचार्य विवेक शर्मा, मुख्य अनुशासन अधिकारी डी.डी.सागर, गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, सतेन्द्र सिंह राहुल कुमार आदि की देखरेख में चल रही हैं।कालिज के प्राचार्य ने बताया कि आन्तरिक परीक्षा एन.ई.पी. के पाठ्यक्रम का एक अंग तो है ही साथ ही इनसे छात्रों की मुख्य परीक्षा के लिए भी अच्छी तैयारी हो जाती है और उचित मार्गदर्शन होता है।

# अध्यात्म पीठ चन्द्र सरोवर पहुंचे गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज मंडल के परम पावन स्थान चंद्र सरोवर स्थित अध्यात्म पीठ पर उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय भक्ति भाव के साथ पहुंचे। और प्राचीन ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल जी महाराज के दर्शन कर भक्तिमय हो गये। यहाँ पर अध्यात्म पीठ के पीठाधीश्वर व ब्रजमंडल के सरस भागवत वक्ता पं. पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने ठाकुर जी की प्रसादी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत पीठाधीश्वर पं. पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय को अध्यात्म पीठ पर विराजमान ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल जी और चंद्र सरोवर की धार्मिक महिमा को विस्तार से बताया। जिसे रमाकांत उपाध्याय सुनकर भाव विभोर हो गये। पत्रकार वार्ता में गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार गायों की सेवा के लिए अनेकों प्रकार की योजना चल रही है। लेकिन गाय की सच्ची सेवा गौशालाओं के अलावा तब औ? बेहतर होगी जब प्रत्येक किसान और परिवार अपने खूंटे पर एक गाय को बांधकर उसकी सेवा करेगा। इसके लिये सरकार द्वारा गाय पालने के लिये अनुदान भी दे रही है। गाय के गोबर से किसानों को बायो प्लांट लगाने पर भी सरकार आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। ऐसी योजना से किसान और सरकार दोनों को लाभ प्राप्त होगा। और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

# ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज में रैली निकाल कर मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयन्ती







वेलकम इंडिया

**मथुरा।** शहर के प्रतिष्ठित ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्टाफ और छात्राओं द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती धूमधाम से रैली निकालकर मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि सिंह ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया था। दलित आंदोलन को प्रेरित किया, दलितों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया,उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री,भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। ऐसी महान विभूति के बारे में अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि सिंह, अध्यापिका श्रीमती माधुरी गौतम, श्रीमती राखी, श्रीमती गति, श्रीमती शालिनी, श्रीमती दीपिका और कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया।

# भेदभाव को खत्म कर मनाई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

वेलकम इंडिया



**मथुरा/फरह।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने जगह जगह प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।दिव्य भव्य जयंती हर्ष और उल्लास से मनाई गई।संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर क्षेत्र के सभी भाजपा नेताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया।मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती मुदिता शर्मा ने कहा भीमराव अंबेडकर हम सब के मार्गदर्शक हैं ऐसे मार्गदर्शकों से हमें सीख लेनी चाहिए और हम सभी को जाति के भेद भाव को खत्म कर केवल भीमराव जी की तरह उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इस दौरान पर ब्लॉक प्रमुख नीति अनिल तरकर,पूर्व मीडिया प्रभारी अजय परखम, सांसद प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाराशर,मंडल महामंत्री नरेश कटारा,वीरेंद्र कुंतल,ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर, चंद्रभान पचौरी,एससी मोर्चा के अध्यक्ष साहब सिंह,युवा नेता जोगेंद्र सिंह युवा नेता धर्मेंद्र सिंह उर्फ भोला चौधरी झंडापुर,प्रमोद जादौन बेरी प्रधान,महिला मोर्चा शिवनी अग्रवाल,मंडल मंत्री गुडिया देवी,माया देवी,मधु देवी सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अड़ींग में बस ने मारी इको कार को टक्कर आधा दर्जन लोग घायल

वेलकम इंडिया

**मथुरा/** गोवर्धन रोड अडींग बाईपास पर अनियंत्रित डग्गेमार बस ने एक इको कार में टक्कर मार दी। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मथुरा गोवर्धन रोड़ अडींग बाईपास पर गोवर्धन से आ रही डग्गेमार बस संख्या आर जे 05 पी ए 3365 ने मथुरा की ओर से आ रही इको कार संख्या आर जे 05 यू ए 9844 में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। और मौके पर चीख पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़े और घायलों को गाड़ी से बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी।

# मेरठ गोलीकांड में भाजपा नेताओं ने कराया समझौता, एसएसपी बोले- समझौते से हमारा कोई मतलब नहीं, जेल भेजेंगे

वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।**
**मेरठ।** मेरठ भाजपा पार्षद रविंद्र ने 20 साथियों के साथ सूरजकुंड डिपो पहुंचकर कर्मचारियों पर फायरिंग की थी। एक गोली कूड़ा गाड़ी चालक अविनाश को लग गई थी। इसी मामले में भाजपा नेताओं ने समझौता कराया है। सूरजकुंड वाहन डिपो पर गोलीबारी की घटना को लेकर निगम के पार्षदों व कर्मचारियों के बीच पांच दिन से चल रहे विवाद पर सोमवार को विराम लग गया। महापौर कैंप कार्यालय में राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज सहित भाजपा नेताओं के सामने पार्षद रविंद्र और कर्मचारी अविनाश के परिवार ने आपस में समझौता करने की बात कही है 19 अप्रैल को निगम की बोर्ड बैठक करने की महापौर ने घोषणा की। वहीं एसएसपी डा. विपिन ताडा का कहना कि समझौते से पुलिस का लेना-देना नहीं है। कोर्ट की कस्टडी में पार्षद का इलाज मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में चल रहा है। नामजद सभी आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। आरोपियों को जेल भेजेंगे। घटना



10 अप्रैल को सूरजकुंड डिपो में हुई थी। वार्ड-18 में कूड़ा गाड़ी न पहुंचने पर स्थानीय भाजपा पार्षद रविंद्र ने अपने 20 साथियों के साथ सूरजकुंड डिपो पर पहुंचकर कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी थी। एक गोली कूड़ा गाड़ी चालक अविनाश के पैर में लग गई थी। इस घटना को लेकर कर्मचारियों ने हड़ताल की। वहीं पार्षद के पक्ष में अनुसूचित समाज ने निगम के सभी पार्षदों को साथ लेकर कालियागढ़ी में महापंचायत की थी। यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाकर फिर से हड़ताल और महापंचायत का एलान कर चुके थे। इससे शहर में कूड़ा न उठने के साथ-साथ सफाई व्यवस्था भी चौपट होने लगी थी। सोमवार को महापौर कैंप कार्यालय में गोली लगने से घायल कर्मचारी अविनाश कुमार के पिता रतन सिंह, भाई-बहन और दूसरे पक्ष यानी पार्षद रविंद्र की पत्नी ममता सहित परिवार के लोग पहुंच गए। दोनों परिवारों ने आपस में समझौता करने की बात भाजपा नेताओं के सामने कही। पार्षद रविंद्र और कर्मचारी अविनाश के बीच समझौता हो गया, इसकी जानकारी लगने पर पार्षद पंकज गोयल, संजय सैनी, पवन चौधरी, फजल करीम सहित दस पार्षद भी सूरजकुंड स्थित महापौर के कैंप कार्यालय में पहुंच गए। पार्षदों ने कहा है कि कर्मचारी और पार्षद निगम परिवार का हिस्सा हैं। भाजपा पार्षद दीपक वर्मा का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता होना निगम के हित में है। नगर निगम अफसरों की लापरवाही के चलते यह घटना हुई है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# विकास कार्यों का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर उद्घाटन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुकीमपुर और नगर पंचायत फरीदनागर में विकास कार्यों का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में जो विकास कार्य किए जाने हैं उनमें ग्राम मुकीमपुर में ३त्वरित आर्थिक विकास योजना३ के अंतर्गत स्वीकृत सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी लम्बाई :- 503 मीटर,लागत 37.19 लाख, ग्राम मुकीमपुर में विधायक निधि द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बराबर में नाली निर्माण कार्य का उदघाटन किया। जिसका लागत मूल्य लगभग 1.38 लाख रुपये है। नगर पंचायत फरीदनगर में विधायक निधि द्वारा जोया संपर्क मार्ग से शमशान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य जिसकी लागत मूल्य 6.00 लाख रुपये है।नगर पंचायत फरीदनगर मैं एन.एम. सेंटर से सतवीर के खेत की तरफ इंटरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य जिसकी लागत मूल्य 9.68 लाख रुपए है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डॉ करणवीर सिंह, रोहित तोमर मंडल अध्यक्ष, रामकुमार, पुनीत, रोहित, संजय, दिनेश, नीरज तेवतिया आदि उपस्थित रहे ।

# खालसा पंथ के स्थापना दिवस व किसानों के वैशाखी पर्व पर कुश्ती दंगल का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** महाराजा सूरजमल अखाडा गांव रोरी मे खालसा पंथ के स्थापना दिवस व किसानों की फसलों के पकने पर मनाये जाने वाले वैशाखी पर्व पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्य अतिथि तहसीलदार रजत सिंह रहे। तहसीलदार रजत सिंह का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया व श्योराण खाप का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल मे लगभग 30 कुश्ती प्रतियोगिता हुई। सभी पहलवानों ने अपने दांव पेंच लगायें व बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुश्ती देखने वालों ने पहलवानों के करतब देख उनकी प्रशंसा की। जीतने वाले पहलवानों को तहसीलदार साहब ने मैडल व नगद राशि भेंटकर प्रोत्साहित किया। तहसीलदार रजत सिंह ने कहा कुश्ती भारत का बहुत प्राचीन खेल है इसे आगे बढ़ाने मे सभी को योगदान देना चाहिए। आज ओलंपिक खेलों मे पदक जीतकर पहलवान अपने देश व प्रदेश का नाम करते है। उन्होंने पहलवानों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व आगे भी दंगल में उपस्थित होने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। अखाड़े के संचालक बाबा परमेन्द्र आर्य ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी ने वैशाखी के पर्व पर 1699 ई. मे अन्याय व अत्याचार से लडे के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर प्रतिवर्ष दंगल आयोजन किया जाता है। ताकि युवा नशे से दूर रहे व अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दंगल को सफल बनाने मे कर्नल सुधीर चौधरी, पवन कोट सहाब बखरवा, दादा राम नारायण, ताऊ राजेन्द्र, अभिषेक पहलवान खंजरपुर, दीपक पहलवान अमराला, निजाम पहलवान मेरठ, सलेख यादव बहलोलपुर, राजीव पहलवान लोनी, मनोज कुमार, चौधरी गंगाराम ,सुमन चौधरी, दुष्यंत चौधरी, सतेन्द्र तोमर रालोद, ओमपाल सिंह जाट समाज अध्यक्ष, यशवीर फौजी गेझा सतीश चौधरी भोजपुर आदि का योगदान रहा।

## निष्काम भवन में निवोक हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा कैंप



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** निवोक फाउंडेशन के बैनर तले निवोक सुपर स्पेशलिट हॉस्पिटल की ओर से गोविंदपुरी स्थित निष्काम भवन में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। कैंप में सैकड़ों लोगों ने अपनी स्वास्थ जांच कराई। अस्पताल की ओर से आए डॉक्टरों ने शुगर, ब्लड, ब्लडप्रेशर व बीएमआई सहित आदि जांच की। लोगों ने स्वास्थ जांच कराकर दवाईयां भी ली। इस मौके पर वाईस चेयरमैन सचिन अहलावत भी पहुंचे। जिनका निष्काम जत्था सेवा समिति के कार्यकताओं ने पटका पहनाकर व तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मानिक गुप्ता को भी संस्था द्वारा पटका व तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। कैंप में आए कई लोगों ने कहा कि मोदीनगर क्षेत्र में ऐसा हॉस्पिटल खुलने से सहूलियत तो मिलेगी ही साथ ही मेडिकल क्षेत्र में मोदीनगर सीटी को भी नई पहचान मिल रही हैं। इस मौके पर डॉक्टर निखिल पुनिया, डॉक्टर नीलम, डॉक्टर डीके धीमान, मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मानिक गुप्ता, डॉक्टर नाजिम खान, डॉक्टर अंकित कुमार, एनएस रीना, नूतन खटियान, संदीप शर्मा, विकास, मार्केटिंग जीएम अनुज त्यागी, मार्केटिंग मैनेजर अविनाश त्यागी, निष्काम सेवक जत्था समिति मोदीनगर के मुख्य सरंक्षक चानन लाल ढींगरा, सरंक्षक दिलीप शर्मा, सरंक्षक धीरज कालरा, संस्थापक/अध्यक्ष जसमीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजीत सिंह बिन्द्रा, सह-सचिव लवली सचदेवा, वरिष्ठ सदस्य प्रेम कुमार चचडा, पवन कुमार, ज्ञानी रविन्द्र सिंह, मनदीप सिंह ट्विंकल बतरा, जितेंद्र सिंह, अनुप्रीत कौर सहित मीडिया प्रभारी योगेन्द्र गोस्वामी मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**गाजियाबाद।** डॉ. अम्बेडकर जनचेतना समिति द्वारा संविधान निमार्ता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बी ब्लॉक भावराव देवरस कॉलोनी सेक्टर–12 प्रताप विहार में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. आंबेडकर के योगदान और उनके आदर्शों को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बाबा साहेब के जीवन और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के सदस्यों ने डॉ. आंबेडकर के संघर्ष, उनके योगदान, और समाज के प्रति उनकी विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की। समिति ने बाबा साहेब की जयंती को एक सामाजिक सुधार आंदोलन के रूप में मनाने के लिए विशेष आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, समाज कल्याण, और समानता जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पं. नेहरू के योगदान, डॉ. आंबेडकर के संविधान निर्माण में भूमिका, और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष को समर्पित कई सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# अधिकारियों की मिली भगत से दबंग आबादी की जमीन पर कर रहा निर्माण

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** सार्वजनिक स्थल भवानी माता की पवित्र स्थल पर दबंग ने पैसे और स्थानीय चौकी चिलबिली थाना कुमारगंज पुलिस की मिली भगत से दबंगई के बल पर शौचालय कार्य का निर्माण कर रहा है मामला ग्राम सभा नरेंद्रा भादे का है जहां पीड़ित संतोष सिंह ने एसडीएम मिल्कीपुर को प्रार्थना पत्र दिया है सुबह जब पीड़ित संतोष सिंह ने थाना प्रभारी कुमारगंज अमरजीत सिंह से बात की तब कहा हम निर्माण कार्य नहीं रुकवा पाएंगे तब एसडीएम से बात की तब उन्होंने आदेश दिया की मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया जाए इसके बाद शौचालय निर्माण कार्य चल रहा था पुलिस आती-जाती रही अपना खाना पूर्ति करती रही शौचालय शाम तक बनकर तैयार हो गया छत बाकी बची है उक्त जमीन 628 गाटा संख्या 101 ईयर जमीन आबादी तालाब के रूप में की है जो की भवानी माता का पश्चिम दिशा में 5 मीटर पर मंदिर है इसके बाद लगभग एक दर्जन घरों के नाली व बरसात का पानी सरकारी नालियों द्वारा इस तालाब मैं जाकर गिरता है। भवानी माता का भी मंदिर का जल इस तालाब में जाता है यह मंदिर आज से नही काफी वर्षो पुराना है यहां के स्थानीय लोगों की काफी श्रद्धा विश्वास आस्था है लोग सुबह से ही जल चढ़ाना शुरू कर देते हैं माता को जो मुराद मांगते हैं माता पूरी करती हैं लेकिन इन सब का अपमान करते हुए दबंग ने शौचालय निर्माण कार्य बीचो-बीच तालाब में निर्माण कर अधिकारियों के मिली भगत से करवा डाला दबंग दान पाल सिंह स्वर्गीय दयाशंकर सिंह ने कहा जिसको जहां जाना है जाये मेरा कोई कुछ उखाड़ नहीं सकता है मैं सभीअधिकारियों को पैसे से खरीद लिया हूं इसके पहले भी प्रार्थी ने हल्का लेखपाल कानूनगो से शिकायत की थी मौके पर प्रशासनिक अधिकारी व चौकी इंचार्ज पहुंचकर निर्माण कार्य न करने पर मना किया था परंतु एक हफ्ते के बाद उसी जगह पर उसी निर्माण कार्य अधिकारियों की मिली भगत से कराया जाने लगा इसके पहले भी पूर्व में गायत्री पांडे ने क्षेत्राधिकार मिल्कीपुर को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था जिसमे क्षेत्राधिकार ने निर्माणकार्य न करने का आदेश दे दिया था लेकिन यहां की स्थानीय पुलिस ने उच्च अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए निर्माण कार्य करवा दिया अब देखना यह होगा की क्या उपजिला्धिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करते हैं या दबंग द्वारा अधिकारियों को खरीद लेने की बातें सत्य होती है। शौचालय निर्माण कार्य को लेकर प्रार्थी पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पत्रकार संतोष सिंह अयोध्या जिले का ब्यूरो चीफ है पत्रकार संतोष सिंह ने थाना प्रभारी अमरजीत सिंह को तहरीर दिया परंतु थाना प्रभारी अमरजीत सिंह द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## रोटेरी क्लब गाजियाबाद सेंट्रल द्वारा बॉन वॉयेज मीटिंग का आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)।** रोटेरी क्लब गाजियाबाद सेंट्रल द्वारा बॉन वॉयेज मीटिंग आयोजित की गई। रोटेरी ईयर 2025-26 क्लब प्रेसिडेंट इलेक्ट रोहित अग्रवाल/रचना व सेक्रेटरी इलेक्ट रजत बंसल/गुंजन को क्लब के सभी पास्ट प्रेसिडेंट ,डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी अमित गुप्ता व चीफ गेस्ट पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शरत जैन ने अपनी शुभकामनाये दी।क्लब प्रेसिडेंट अजय शर्मा व सुनीता शर्मा ने रोहित व रचना को फूलों का हार,गिफ्ट व सेक्रेटरी अनुपम गर्ग व सुधा ने रजत व गुंजन को माला व गिफ्ट देकर शुभकामनाये दी। पास्ट गवर्नर शरत जैन व गवर्नर नॉमिनी अमित गुप्ता व स्वाति का प्रेसिडेंट अजय शर्मा व सुनीता शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। मीटिंग का संचालन एम ओ सी स्वाति गुप्ता ने किया।शरत व अमित ने रोटेरी पर क्लब सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। प्रोग्राम में अजय शर्मा व सुनीता शर्मा, अनुपम गर्ग व सुधा गुप्ता, अमित गुप्ता व स्वाति गुप्ता,रोहित अग्रवाल व रचना गुप्ता,रजत बंसल व गुंजन बंसल,राज कुमार चौधरी, भूषण चौहान व नेहा चौहान,ललित शर्मा व गरिमा शर्मा,मनोज सिंघल व मनीषा सिंघल,दीपक गर्ग व अनुपमा गर्ग,पंकज मित्तल व रानी मित्तल,अभिनव गर्ग व शालिनी गर्ग,पुष्पेन्द्र रावत व रेणुका रावत, अनिल गुप्ता व निशा गुप्ता,राम प्रकाश शर्मा व वीना शर्मा,शिल्पी जिंदल,भावना गुप्ता,अंजनी गनेरीवाला व कविता गनेरीवाला, संजय गर्ग व उषा गर्ग,संजय खन्ना, कपिल गोयल व गुंजन गोयल इत्यादि रोटेरियन उपस्थित रहे।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों की नगदी व गहने चोरी

**मोदीनगर।** हरमुखपुरी कॉलोनी में बदमाशों ने कोचिंग मकान का ताला तोड़कर पांच लाख रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी संजय जिंदल एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी और पुत्र अंकित जिंदल कोचिंग चलाते हैं। सोमवार को संजय ड्यूटी चले गए। वहीं, अंकित और उनकी मां मकान में ताला लगाकर कोचिंग सेंटर चले गए। कुछ देर बाद पड़ोसी ने अंकित को सूचना दी कि मकान का ताला टूटा है। संजय जिंदल ने बताया कि बदमाश अलमारी में रखे पांच लाख रुपये नकद और दस लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

## नाली में लगाई गई श्री राम के नाम की ईंटों को हटाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने अपने कार्यकताओं के साथ तहसील मुख्यालय पर एक बार फिर धरना देकर शहर की एक कॉलोनी की नाली में राम नाम की लगी ईंटों को हटाने की मांग की और एक ज्ञापन एसडीएम को सोपा। ईश्वर चंद्र ने बताया आज धरने पर महाबली बजरंगबली श्री हनुमान जी प्रभु श्री राम भगवान जी के नाम को बचाने व राम नाम के सम्मान मे धरने पर विराजमान हुए और नवनियुक्त उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर और कार्रवाई की मांग की। ईश्वर चंद्र ने बताया कि संजीवनी एस्टेट कॉलोनी सीकरी खुर्द मोदीनगर मे नाली निर्माण मे प्रभु श्री राम भगवान के नाम की जो ईंटें नाली मे लगाई गई के बारे मे बताते हुए कहा है कि अगर राम नाम की ईंटें नाली से नहीं निकाली गई तो वानर सेना को साथ लेकर मोदीनगर क्षेत्र मे रैली निकाली जाएगी। ईश्वर चंद्र ने यह भी बताया कि उपजिलाधिकारी जी हनुमान जी कि बात बड़े ध्यान से सुना और अपनी नवनियुक्ति बताते हुवे लगभग दस ग्यारह दिन मे नालियों से राम नाम कि इंटें निकलवाने एवं सभी मांगो पर जल्द कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। ईश्वर चंद्र ने बताया निर्वाण फाउंडेशन व सहयोगी हमारी सनातनी सेना दोनों संस्थाओं की पांच सूत्रीय मांग है, नाली निर्माण से राम नाम की इंटें समान सहित निकाली जाये, संजीवनी एस्टेट कॉलोनी सिकरी खुर्द मे प्रशासन व नगरपालिका मिलकर मन्दिर निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध कराएं, भविष्य मे किसी धर्म की आस्था से जुड़े नमो की ईंटो को नाली नाला सड़क रास्तो मे न लगये। झूठी जाँच आख्या बनाकर देने वाले लेखपाल व कानूगो दोनों को पद से विमुक्त / बर्खास्त किया जाये, अमित अग्रवाल ( नवरसन गुरूजी जी ) कविता चौधरी, शुसीला, अंशु बजरंगी, अशोक शर्मा कुराली, कृष्ण पाल, रोहित, आदि राम भक्त उपस्थित रहे।

## प्रदेशीय विद्युत समिति की बैठक में सभापति द्वारा अधिकारियों को शिकायतों का तत्काल निवारण हेतु किया निर्देशित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** सभापति दिनेश कुमार गोयल द्वारा लखनऊ में पूर्वांचल व मध्यांचल की विद्युत समिति की बैठक में अध्यक्षता की।प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था समिति सभापति दिनेश कुमार गोयल द्वारा पूर्वांचल में मध्यांचल विद्युत की विधान परिषद के सभा कक्ष विधान भवन, लखनऊ में बैठक की गई।जिसमें जनता से संबंधित सभी शिकायतों का विस्तार पूर्वक विवरण प्राप्त किया व उनके समाधान हेतु संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल निवारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसमें किसी भी विद्युत उपभोक्ता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए व्यापक इंतजाम पहले ही किए जाएं।इस मीटिंग में सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक, सी पी चंद, जितेंद्र सिंह सेंगर, सलिल बिश्नोई, प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, आशीष गोयल अध्यक्ष, एम डी, चीफ आदि सभी विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## कामयाबी के लिए निरंतर मेहनत जरूरी- डा. सबीहा मुमताज



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान टापर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में मंगलवार को परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. सबीहा मुमताज ने कहा कि पहले अपनी जिन्दगी का एक मकसद बनाये। आप क्या बनना चाहते हैं यह तय करें। लक्ष्य तय होने के बाद उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। लक्ष्य हासिल करने के लिए जूनून भी होना चाहिए। देश के महान वैज्ञानिक डा. एपी जे अब्दुल कलाम ने कहा था कि सपने वह नहीं हैं जो सोते समय देखे जाते हैं सपने वह हैं जो आपको सोने न दें।

## डीपीआईएएफ ने किया भारत गौरव आईकॉनिक अवार्ड 2025 का शानदार आयोजन

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली। विवेक जैन।** हर वर्ष देश व विदेश में अनेकों अवार्ड समारोह का आयोजन करने वाली विश्व की प्रमुख संस्था डीपीआईएएफ द्वारा नई दिल्ली के लोधी रोड़ स्थित आंध्र एसोसिएशन ऑडिटोरियम में भारत गौरव आईकॉनिक अवार्ड 2025 का शानदार आयोजन किया । अवार्ड समारोह में देश को गौरवान्वित करने वाली धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, राजनैतिक, प्रशासनिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना ने आये अतिथियों का अभिनन्दन किया। इसके उपरान्त आये अतिथियों ने भारत मॉ के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर अवार्ड समारोह का शुभारम्भ किया और विभिन्न क्षेत्रों में देश को गौरवान्वित करने वाली हस्तियों को भारत गौरव आईकॉनिक अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित इंटरनेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत ने देश में छिपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने और उनको सम्मानित करने के लिए डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना की प्रशंसा की। विपुल जैन ने कहा कि डीपीआईएएफ देश की प्रतिभाओं को खोज कर सम्मानित करने का बेहतरीन कार्य कर रहा है और देश में एक मिसाल कायम कर रहा है जो अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। कहा कि भारत की प्रतिभाओं की तीव्र इच्छाशक्ति व द्दढ़ संकल्पशक्ति ही भारत को महान बनाती है। इस अवसर पर अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार रखें और डीपीआईएएफ के कार्यो की जमकर सराहना की। डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना ने भारत गौरव आईकॉनिक अवार्ड 2025 समारोह में आने वाले सभी लोगों व समारोह को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने किया महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नया बस अड्डा के पास स्थित महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम का जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ सीडीओ अभिनव गोपाल भी साथ रहे। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद एथलीट क्लब के सदस्यों को साथ लेकर स्टेडियम का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए कमियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने स्वीमिंग पूल, क्रिकेट ग्राउंड, मिट्टी से बनाए जा रहे ट्रैक का निरीक्षण करते हुए कहा कि यहां की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाक्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई छुट्टी पर थीं। उनकी अनुपस्थिति में जिलाधिकारी ने अटैंडेंटस रजिस्टर चैक किया और वहां नियुक्त कर्मचारियों के बारे में एक-एक कर पूछा। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार को लेकर फाइलों को अपने कार्यालय में तलब किया है। निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद एथलीट क्लब के सत्य यादव व कोच राजेन्द्र यादव भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद एथलीट क्लब के सदस्यों को आश्वस्त किया कि महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम की कमियों को दूर करने के लिए जल्द ही गाजियाबाद स्पोर्ट्स कल्याण समिति की बैठक बुलाई जाएगी और प्रस्तावों के आधार पर कार्यों को पूण कराया जाएगा।

# कौशांबी में 'गांव चलो, वार्ड कार्यक्रम के तहत 8 वर्षों की उपलब्धियों का प्रचार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'गांव चलो, वार्ड चलो' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वार्ड 72 कौशांबी में विभिन्न स्थानों पर जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल, श्यामसुंदर सिंह, मंगल सिंह, विमल भट्ट, दुश्मन गौतम, मनीष दुबे, केएल शर्मा और सरदार जसवीर सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पार्षद कुसुम गोयल ने इस अवसर पर कहा, पिछले 8 वर्षों में वार्ड 72 में हमने सड़क निर्माण, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सब सरकार की योजनाओं और जनता के सहयोग से संभव हुआ है। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और वार्ड का सर्वांगीण विकास हो। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं आयोजित की गईं, जहां नागरिकों को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा जताई। यह अभियान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बंगाल की हिंसा के विरोध में ममता बनर्जी की प्रतीकात्मक शवयात्रा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं और हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा, परमार्थ सेवा ट्रस्ट, और विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई और पुतले को आग के हवाले किया गया। इस दौरान ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, बंगाल में जिस तरह से हिंदू समुदाय के लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया है, वह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। यह स्थिति दर्शाती है कि वहां की सरकार और प्रशासन मौन होकर हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने कहा कि बंगाल पुलिस की निष्क्रियता के चलते हालात बिगड़े हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि केवल हाईकोर्ट का हस्तक्षेप ही काफी नहीं है, केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट को भी स्थिति का संज्ञान लेना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेता विजय मोहन, वीरेंद्र कंडेरा, श्रीकांत मलिक, अभिजीत दत्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाबासाहेब अंबेडकर जयंती: अधिकारों और सामाजिक न्याय के अमर प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर: बृजेश पाठक

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सप्ताह सम्मान अभियान का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को एक भव्य एव गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसामान्य, कार्यकर्ता, अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारीगण एवं प्रबुद्ध वर्ग के सम्मानित व्यक्तियों ने सहभागिता की। समारोह के दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का भव्य स्वागत कर उन्हें संविधान की प्रति एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। युवा मोर्चा ने उनके सभागार में आने से पूर्व कालका गढ़ी चौक पर शानदार पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़ों से स्वागत अभिनंदन किया। वहां से बाबा साहब के चित्र लगे वाहन के साथ शानदार रोड शो के माध्यम से उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। बाबा साहब जी का मिशन अधूरा, मोदी योगी करेंगे पूरा। युवाओं के गुंजायमान नारे ने स्वागत अभिनंदन के माहौल में जोश भरने का काम किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रतिमा चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि की शीश झुकाकर उनके चरणों में प्रणाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा बाबा साहब ने भारत को एक मजबूत संविधान दिया, जो सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों का आधार है। भाजपा सरकार उनके विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान और अवसर दिलाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर अनेक अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं के द्वारा मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को संविधान की प्रति और बाबा साहब का चित्र भेंट दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता, संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता और बाबा साहब के विचारों के प्रचार-प्रसार का संकल्प दोहराया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि बाबा साहब की प्रेरणा से हम सभी को समाज में बराबरी, भाईचारे और न्याय की स्थापना हेतु सतत कार्य करते रहना चाहिए। इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ता महानगर के 2100 बूथों पर बाबा साहब की जयंती को सेवा समर्पण सप्ताह मनाने के उद्देश्य से प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान, अनुसूचित समाज बस्तियों एवं व्यक्तियों से संपर्क कर सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन नीति रीति को घर घर पहुंचाने का आह्वान करेंगे।

# वेवसिटी में समझौता लागू करने को लेकर धरना, भारतीय किसान संगठन ने किया विरोध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वेवसिटी क्षेत्र में कुछ बाहरी नेताओं द्वारा 20.05.2014 के पुराने समझौते को लागू करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय किसान संगठन ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने 20.10.2024 को क्षेत्र के लगभग 250 लोगों के साथ हुए नए समझौते की सभी शर्तें स्वीकार कर ली हैं। संगठन के अनुसार, कंपनी ने 850 रुपये प्रति वर्गमीटर से कम दर पर बेची गई जमीन के बदले निशुल्क प्लॉट देने की मांग को मानते हुए रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है और गांवों में विकास कार्य भी कर रही है। संगठन ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग, जिन्होंने अपनी जमीन ऊंचे दामों पर बेची थी, अब भी प्लॉट की मांग कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि 2014 के समझौते से उनका कोई संबंध नहीं है। संगठन ने यह भी आशंका जताई है कि यदि यह धरना जारी रहा, तो कंपनी रजिस्ट्री की प्रक्रिया रोक सकती है, जिससे उन्हें भी प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ सकता है।

# अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को गाजियाबाद कमिश्नरेट में कई महत्वपूर्ण स्थलों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इन मॉक ड्रिलों का उद्देश्य आग से बचाव की जानकारी प्रदान करना और लोगों को आग के खतरे से बचाव के लिए जागरूक करना था। इस दौरान अमेठी इंटरनेशनल स्कूल वसुंधरा, हैप्पी मॉडल पब्लिक स्कूल लोनी, सेंट मैरी स्कूल लोनी, ब्लू हार्ट गेस्ट हाउस इलायचीपुर लोनी, एमवी होजरी ट्रॉनिका सिटी लोनी, केएन ग्लोबल स्कूल मोदीनगर, सीएचसी भोजपुर मोदीनगर, परिवर्तन स्कूल राजनगर एक्सटेंशन जैसे प्रमुख स्थानों पर अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इन ड्रिल्स के माध्यम से आग से बचाव के उपायों के साथ-साथ इवैक्यूएशन ड्रिल (सुरक्षित पलायन प्रक्रिया) का प्रदर्शन भी किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान भवनों में आग लगने पर उसे नियंत्रित करने और वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, भवनों में आग लगने पर अग्निशमन उपकरणों के सही प्रयोग की जानकारी भी दी गई। आग की सूचना मिलने पर निकटतम फायर बिग्रेड के आने तक आग को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान लोगों को पंपलेट्स वितरित किए गए, जिसमें आग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आग से होने वाली जन-धन की क्षति से अवगत कराना है।

# भतीजे ने बेरहमी से की चाचा की हत्या

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना इलाके से भतीजे द्वारा अपने चाचा की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्यारोपी भतीजे ने पहले अपने चाचा को गोली से मौत के घाट उतारा और फिर हथौड़े से उसके सिर को कुचल दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी भतीजा फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल की और भतीजे को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक मयूर विहार मसूरी की असलम कॉलोनी में रहने वाला 24 वर्षीय तालिब मसूरी थानाक्षेत्र के ही रफीकाबाद कॉलोनी में पानी की टंकी के पास राजमिस्त्री के औजार बनाने का कारखाना चलाता है। उसका वार्ड-नौ डासना निवासी अपने 34 वर्षीय चाचा अफजाल के साथ मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे तालिब ने फोन करके चाचा अफजाल को अपने कारखाने पर बुलाया। इस दौरान कारखाने के कारीगर लंच करने के लिए घर गए हुए थे।




# बोलती चट्टान नाटिका का सशक्त मंचन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मोरटी के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए ग्राम मोरटी के नुक्कड़ पर मंगलवार को मीना मंच की प्रस्तुति बोलती चट्टान नामक नाटिका का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से जनसामान्य को यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति में अलग-अलग खूबियाँ होती हैं, और हमें दूसरों से तुलना करने के बजाय अपने अंदर की क्षमताओं को पहचानकर आगे बढा चाहिए। पढा-लिखना सीखो नामक कविता ने शिक्षा के महत्व को गहराई से समझाने का काम किया और उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने उपस्थित लोगों को सरकार की शिक्षा नीतियों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इस अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए अभिभावकों को भी प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। एसआरजी पूनम शर्मा ने बच्चों को विद्यालय आने की प्रेरणा दी और मीना मंच की नोडल नीतू सिंह के साथ समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हुआ।